राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

पटना
वर्ष: 25 अंक 45
सोमवार 01 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 34°C न्यूनतम 27°C

मूल्य 3 रुपए पृष्ठ-8
बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

## होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान सख्त अमेरिका को सैन्य चेतावनी



- जहाजों की आवाजाही के लिए ईरानी अनुमति को बताया अनिवार्य
- अमेरिकी प्रतिबंध बरकरार, क्षेत्र में बढ़ी समुद्री सुरक्षा चिंताएं

**लंदन, 31 मई।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को केवल ईरान द्वारा निर्धारित मार्गों और उसकी मंजूरी के तहत ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। साथ ही अमेरिका को आगाह किया गया है कि यदि उसने इस क्षेत्र के प्रबंधन या जहाजों की आवाजाही में किसी प्रकार का हस्तक्षेप किया तो उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की जाएगी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सार्वजनिक समुद्री रेडियो चैनलों पर प्रसारित संदेशों में आईआरजीसी नेवी ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में मौजूद जहाजों को निर्देश जारी किए। इन संदेशों में कहा गया कि होर्मुज स्ट्रेट अभी भी नियंत्रित क्षेत्र है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। ईरान का कहना है कि इन नियमों का उल्लंघन समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

आईआरजीसी नेवी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि अमेरिकी नौसेना यदि जहाजों की आवाजाही को नियंत्रित करने या क्षेत्रीय प्रबंधन में दखल देने का प्रयास करती है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# बंगाल में बढ़ी राजनीतिक तपिश, टकराव चरम पर

## टीएमसी नेताओं पर हमले और कार्रवाई से गरमाया सियासी माहौल

### राजनीति विवाद

- अभिषेक के बाद सांसद कल्याण बनर्जी भी बने विरोध का निशाना
- एमएलए मदन मित्रा के आवास पर पुलिस की कार्रवाई से विवाद
- टीएमसी ने भाजपा पर लगाया राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप




**कोलकाता, 31 मई।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक संघर्ष अब खुलकर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के काफिले पर हुए हमले का विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि पार्टी के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी के साथ कथित मारपीट की घटना ने राज्य की राजनीति को फिर गरमा दिया है। इसके साथ ही तृणमूल विधायक मदन मित्रा के आवास पर पुलिस की छापेमारी ने सियासी तापमान और बढ़ा दिया है। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि बंगाल में सत्ता बदलने के बाद राजनीतिक टकराव का नया दौर शुरू हो चुका है।

रविवार को हुगली जिले के चंडीतला क्षेत्र में सांसद कल्याण बनर्जी एक ज्ञापन देने जा रहे थे। इसी दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। काले झंडे दिखाए गए और नारेबाजी शुरू हो गई। हालात अचानक तनावपूर्ण हो गए। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान सांसद के साथ धक्का-मुक्की की गई और उनके सिर पर चोट पहुंचाई गई। घटना के वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। इससे ठीक एक दिन पहले सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी के काफिले को भी विरोध का सामना करना पड़ा था। प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले पर अंडे और अन्य वस्तुएं फेंकी थीं। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन तृणमूल का आरोप है कि विपक्षी दलों से जुड़े लोग सुनियोजित तरीके से उसके नेताओं को निशाना बना रहे हैं। राजनीतिक तनाव के बीच कमरहाटी से विधायक मदन मित्रा के आवास 'उदय विला' पर पुलिस की कार्रवाई ने नया विवाद खड़ा कर दिया। पुलिस ने बंद पड़े परिसर का ताला तोड़कर तलाशी ली और कई दस्तावेज जब्त किए।

बताया गया कि जमीन के स्वामित्व और निर्माण की वैधता को लेकर जांच चल रही है। हालांकि तृणमूल नेताओं का दावा है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव बनाने के उद्देश्य से की गई है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है।

## बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार आज, 35 मंत्री लेंगे शपथ

**कोलकाता, 31 मई।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन सोमवार को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की है कि मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 35 नए मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। लोक भवन में सुबह 11 बजे आयोजित समारोह में राज्यपाल आरएन रवि नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। चार मई को हुए सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी। इसके बाद नौ मई को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की थी। तब से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा जारी थी। सूत्रों के अनुसार, हाल में मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश नेतृत्व की नई दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ हुई बैठकों के बाद विस्तार की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली में 'डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग' आज

**नई दिल्ली, 31 मई (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 01 जून को नई दिल्ली में अपने समकक्ष और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ इंडिया-ऑस्ट्रेलिया डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस डायलॉग में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा और आपसे सहयोग के नए रास्ते खोजे जाएंगे। चर्चा में रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने, सैन्य अंतर संचालनीयता बढ़ाने, उद्योग सहयोग और आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा विकास पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा।

### असम के एक विद्यालय में पाकिस्तानी झंडा मिलने से तनाव

**कामरूप (असम), 31 मई।** असम के रंगिया क्षेत्र में स्थित निज हचंग प्राथमिक विद्यालय के परिसर में पाकिस्तानी झंडा मिलने से स्थानीय स्तर पर तनाव का माहौल बन गया। घटना सामने आने के बाद इलाके में लोगों के बीच आक्रोश देखा गया और प्रशासन ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। इस बीच स्थानीय बजरंग दल इकाई ने रविवार को इस घटना के संबंध में 12 घंटा रंगिया बंद की घोषणा की है। बंद का प्रभाव भी कुछ हिस्सों में देखा जा रहा है। हालांकि, किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना सामने नहीं आई है।

### रायसेन जिले की अंजना यादव ने माउंट एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

**भोपाल, 31 मई।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्रामीण अंचल में साधारण परिवार में जन्मी अंजना यादव ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपनी अथक मेहनत, साहस और अटूट दृढ़ संकल्प के बल पर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारत का तिरंगा फहरा दिया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंजना को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### कुशीनगर में बंधक नेपाल के 453 युवक युवती मुक्त कराए गए

**कुशीनगर, 31 मई।** स्थानीय पुलिस ने कुशीनगर जिले में नौकरी का झांसा देकर बंधक बनाकर रखे गए नेपाल के 453 युवक-युवतियों को मुक्त करा लिया है। सभी को एक किराए के मकान में जबरन रखा गया था। नेपाल दूतावास की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। आरोप है इन सबको अच्छी नौकरी (रोजगार) और बेहतर कमाई का लालच देकर भारत बुलाया गया।

## सूर्या हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद एनकाउंटर में ढेर



**गाजियाबाद, 31 मई।** खोड़ा क्षेत्र के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड में रविवार तड़के बड़ा घटनाक्रम सामने आया। 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश असद को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। यह कार्रवाई वसुंधरा इलाके में उस समय हुई जब पुलिस को उसके भागने की तैयारी की सूचना मिली थी। डीसीपी धवल जायसवाल के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि असद अपने एक साथी से पैसे लेकर शहर छोड़ने की फिराक में है। इसके बाद पुलिस की चार टीमों ने इलाके में घेराबंदी की। तड़के करीब चार बजे असद अपने एक साथी के साथ बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का संकेत दिया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

## चार राज्यों में एसआईआर शुरू, 3.68 करोड़ से अधिक मतदाता होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 31 मई।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण के तहत मतदाताओं का सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस चरण में 3.68 करोड़ से अधिक मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। आयोग ने कहा कि पात्र लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र व्यक्तियों को बाहर रखने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की गई है। चुनाव आयोग ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 के तहत 14 मई 2026 को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण का आदेश जारी किया गया था।

# जनशक्ति से आगे बढ़ रहा है देश : मोदी

### मन की बात



- मन की बात में प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह
- समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान और खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों का किया जिक्र

**नई दिल्ली, 31 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों से समाजहित में किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों को पहचानने, उनकी सराहना करने और स्वयं भी ऐसे अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत के गांवों और शहरों में अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं, जिनसे यह विश्वास और मजबूत होता है कि देश जनशक्ति के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कई बार समाज में हो रहे अच्छे कार्यों की व्यापक चर्चा नहीं हो पाती, लेकिन ऐसे प्रयास देश की वास्तविक ताकत को दर्शाते हैं। उन्होंने लोगों से अपने आसपास समाजहित में काम कर रहे व्यक्तियों और संगठनों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम में उन्होंने तमिलनाडु की शिक्षिका गिरिजा अम्मा का उल्लेख किया, जिन्होंने अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को सैनिकों के सम्मान में प्रतिदिन एक रुपया योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से करीब 40 लाख रुपये की राशि एकत्र हुई। प्रधानमंत्री ने इसे देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने केरल के आलुवा में साजी वलाशेरिल द्वारा संचालित निःशुल्क तैराकी अभियान की भी सराहना की। साजी अब तक 15 हजार से अधिक लोगों को तैराकी का प्रशिक्षण दे चुके हैं, जिनमें दिव्यांग बच्चे भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति और समर्पण की आवश्यकता होती है। पर्यावरण संरक्षण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के युवाओं द्वारा मनोरमा नदी को स्वच्छ बनाने के अभियान की चर्चा की। उन्होंने गंगा डॉल्फिन संरक्षण के लिए चलाए गए विशेष बचाव अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि सामूहिक प्रयासों से प्रकृति और जैव विविधता की रक्षा संभव है।

प्रधानमंत्री ने देश में खगोल विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि पर भी संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक एस्ट्रोनॉमी क्लब लोकप्रिय हो रहे हैं।

# जनरल कृष्णा स्वामीनाथन बने देश के 27वें नौसेना प्रमुख, संभाली कमान

### ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा स्तर बनाने का आह्वान



**नई दिल्ली, 31 मई।** देश के 27वें नौसेना प्रमुख के तौर पर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिन्दगी का हर दिन नौसेना को बेहतर, मजबूत, तेज और ज्यादा असरदार बनाने में लगाएंगे, ताकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास के हितों की सेवा कर सके। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी कि भारतीय नौसेना ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा लेवल बनाए रखे, ताकि वह देश की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा कर सके। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि 'भारतीय नौसेना संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिस पर मेरा मुख्य फोकस होगा। भारतीय नौसेना को दुनिया में सबसे बेहतरीन प्रोफेशनल माना जाता है इसलिए सभी कर्मचारियों की भलाई, व्यावसायिक प्रदर्शन और व्यक्तिगत विकास मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्व रखेंगे।'

### नए सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने भी कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली, 31 मई।** देश के तीसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के तौर पर जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नए सीडीएस ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा। आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा केंद्रीय स्तंभ है। हम अपने सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी हथियारों का विकास करके उन्हें सेवा में तेजी से शामिल करेंगे।

## विक्रमशीला पुल को 30 नवम्बर तक फिर चालू कर दिया जाएगा : मुख्यमंत्री



**भागलपुर, 31 मई।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को भागलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने विक्रमशिला पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 30 नवंबर तक इस पुल पर आवागमन को पुनः शुरू करना है। फिलहाल पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से में अस्थायी व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पुल को पुनः चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुपरस्ट्रक्चर की जांच दो एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है, जबकि एक तीसरी एजेंसी भी इसकी जांच करेगी। उसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुल के तीन स्लैब बदले जाएंगे। जब तक पुल पर यातायात बहाल नहीं होता, तब तक अस्थायी व्यवस्था के तहत बेली ब्रिज चालू रहेगा। इस दौरान पुल पार करने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

विक्रमशिला पुल का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री भागलपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने 203 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई और होने वाली 84 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## साकेत इमारत हादसा छह मौतें, मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**नई दिल्ली, 31 मई।** दक्षिणी दिल्ली के सैदुल्लाजाब इलाके में पांच मंजिला इमारत ढहने के हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जबकि आठ घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी है और मलबे में अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका के चलते एजेंसिया संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चला रही हैं। रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मेहरौली थाने में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही हादसे के कारणों और जिम्मेदारी तय करने के लिए दक्षिण जिला के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं।

### पूर्व मत्स्य निदेशक की कार्यशैली पर सवाल,100 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मियों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट

# सातवां वेतनमान अटका, पेंशन को तरसे बुजुर्ग

ब्रजेश त्रिपाठी

### हक की लड़ाई

- 30 से 36 वर्ष सेवा देने वाले कर्मियों को न पेंशन, न सेवानिवृत्ति लाभ
- सातवें वेतनमान पर विलंब का जिम्मेदार कौन, निदेशालय पर उठे सवाल



**प्रतापगढ़, 31 मई।** केंद्र और प्रदेश सरकार जहां वरिष्ठ नागरिकों तथा कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार योजनाएं लागू करने का दावा कर रही हैं, वहीं उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक विकास अभिकरण के लगभग 100 सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों से अपने अधिकारों के लिए भटकने को मजबूर हैं। सातवें वेतनमान, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से वंचित इन बुजुर्ग कर्मियों की स्थिति ऐसी हो गई है कि कई परिवार आर्थिक संकट और भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं।

शासन की स्पष्ट संस्तुतियों और उपलब्ध अभिलेखों के बावजूद उन्हें उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया, जिसके कारण अनेक परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मत्स्य विभाग के नियंत्रणाधीन 19 जनपदों में संचालित मत्स्य पालक विकास अभिकरण के कर्मचारी 30 से 36 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए। सेवा काल में उन्हें पांचवें और छठे वेतन आयोग का लाभ तो दिया गया, लेकिन एक जनवरी 2016 से देय सातवें वेतनमान का लाभ आज तक नहीं मिल सका। इसके साथ ही बड़ी संख्या में कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण और नियमित पेंशन जैसे सेवानिवृत्ति लाभ भी नहीं मिल पाए हैं।

मामले की गंभीरता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि उत्तर प्रदेश शासन, वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के पत्र संख्या 64/2016, वे०अ०-2645/10-04(एम), दिनांक 16 दिसंबर 2016 के संकल्प पत्र में अभिकरण कर्मियों को समान वेतनमान का लाभ दिए जाने की संस्तुति की गई थी। इसके अतिरिक्त 19 जनपदों की गवर्निंग बॉडी द्वारा भी समय-समय पर सातवें वेतनमान के पक्ष में प्रस्ताव पारित कर निदेशालय को भेजे गए थे। इसके बावजूद मामला वर्षों तक लंबित बना रहा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आरोप है कि तत्कालीन मत्स्य निदेशक एस. के. सिंह के कार्यकाल में इस प्रकरण पर अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया।

## पेट्रोल, डीजल और एटीएफ निर्यात शुल्क में फिर बदलाव

**नई दिल्ली, 31 मई।** केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाले निर्यात शुल्क में एक बार फिर संशोधन किया है। नई दरें 1 जून 2026 से लागू होंगी। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों और घरेलू उपलब्धता के बीच संतुलन बनाए रखना है।

जारी अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क 1.5 रुपये प्रति लीटर, डीजल पर 13.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 9.5 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। हालांकि, घरेलू बाजार में बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे आम उपभोक्ताओं के लिए फिलहाल ईंधन कर ढांचे में कोई सीधा परिवर्तन नहीं होगा। सरकार ने कहा है कि नई दरें कच्चे तेल तथा पेट्रोलियम उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय औसत कीमतों को ध्यान में रखकर तय की गई हैं। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक तेल बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मार्च 2026 में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्यात शुल्क की व्यवस्था लागू की गई थी।

इससे पहले 16 मई 2026 को भी सरकार ने निर्यात शुल्क में संशोधन किया था। तब पेट्रोल पर 3 रुपये प्रति लीटर का विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया गया था, जबकि डीजल पर शुल्क 16.5 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया था।

# अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत, आक्रोशित परिजनों ने एनएच-31 किया जाम

**समेली, कटिहार, 31 मई (तरुणमित्र)।** पोठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर रविवार सुबह डुमर चौक स्थित श्री श्याम धर्म कांटा के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोपेड सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर टायर जलाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया तथा मुआवजे की मांग करने लगे। जाम के कारण करीब तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरारी थाना क्षेत्र के मरघिया गांव निवासी 55 वर्षीय मो. अब्दुल लतीफ रविवार सुबह मक्का बेचकर मोपेड



से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान करीब 10:30 बजे पूर्णिया से कुरसेला की ओर जा रही एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाइवा ट्रक, ओवरटेक करने के दौरान उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे, चापाकल तथा एक साइकिल को क्षतिग्रस्त करते हुए सड़क से नीचे उतर गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट भी की, हालांकि बाद में स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से स्थिति को शांत कराया गया।

मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उचित मुआवजे की मांग की। इस दौरान जाम हटाने पहुंची पुलिस की डायल-112 वाहन को भी लोगों ने सड़क किनारे गड्ढे में धकेल दिया, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना की सूचना पर कोढ़ा सर्किल इंस्पेक्टर साजिद आलम, पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार तथा कुरसेला थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद करीब तीन घंटे बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात बहाल हो सका। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हाइवा चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है : चौबे

**दरभंगा, 31 मई (तरुणमित्र)।** केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्षों के कार्यकाल के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत रविवार को जिला अतिथि गृह में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।



इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण की योजनाओं तथा भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री चौबे ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है।

आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति तथा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। श्री चौबे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केन्द्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाए ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

उन्होंने कहा कि 12 साल बेमिसाल अभियान केवल उपलब्धियों का उल्लेख नहीं बल्कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का जनआंदोलन है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला मंत्री राहुल पासवान, बालेन्दु झा, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अमरनाथ सिंह, वीरेन्द्र पासवान, रमाकांत झा मुन्ना, डॉ.आनंद प्रकाश झा आदि मौजूद थे।

# डीआरएम किरेंद्र नरह की दूरदर्शी पहल से संवर रहा कोशी रेल पर्यावरण उद्यान

**कटिहार, 31 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार रेल मंडल के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह के नेतृत्व में शनिवार को कोशी रेल पर्यावरण उद्यान एवं प्रशिक्षण क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रेल अधिकारियों द्वारा 500 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के ऑनामेंटल पौधे लगाए गए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि प्रशिक्षण क्षेत्र को एक आदर्श हरित एवं आधुनिक परिसर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिनका परिणाम जल्द ही देखने को मिलेगा। डीआरएम किरेंद्र नरह के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी सोच एवं सतत प्रयासों के कारण कभी कोशी गोल्फ कोर्स के नाम से पहचाना जाने वाला यह 109 एकड़ में फैला विशाल क्षेत्र अब एक नए स्वरूप में विकसित हो रहा है।

आने वाले दिनों में यह न केवल सीमांचल क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि भारतीय रेल के सर्वश्रेष्ठ पर्यावरणीय एवं प्रशिक्षण परिसरों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। रेल प्रशासन द्वारा यहां 2.8 किलोमीटर लंबी पक्की पाथ-वे का निर्माण कराया गया है, जिससे आम नागरिक प्राकृतिक वातावरण के बीच भ्रमण कर स्वास्थ्य लाभ के साथ शुद्ध एवं ताजी हवा का आनंद ले सकेंगे। पूरे परिसर में आम, लीची, अमरूद, आंवला सहित अनेक फलदार एवं छायादार वृक्ष पहले से ही हरियाली की अनुपम छटा बिखेर रहे हैं।

गौरतलब है कि डीआरएम किरेंद्र नरह की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और विकासोन्मुखी सोच के कारण यह क्षेत्र भविष्य में कटिहार रेल मंडल की एक विशिष्ट पहचान बनकर उभरेगा। इस अवसर पर पीआरओ सह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह सहित मंडल के सभी वरिष्ठ और कनीय रेल अधिकारी उपस्थित थे।

## एनएच पर सुरक्षा, अतिक्रमण एवं पार्किंग नियंत्रण को लेकर डीएम-एसएसपी ने की बैठक

**दरभंगा, 31 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, अवैध अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर नियंत्रण तथा हाईवे पेट्रोलिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रड्डी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों के बीच विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), जिला परिवहन पदाधिकारी तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अभियंताओं को संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों का सर्वेक्षण कर आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एवं सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण तथा अनधिकृत पार्किंग को हटवाने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना अध्यक्ष सिमरी, मब्बी, भालपट्टी, मनीगाछी एवं सदर को अपने - अपने क्षेत्राधिकार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

## मन की बात राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का सशक्त माध्यम : डॉ. धर्मशीला



**दरभंगा, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण का सामुहिक श्रवण रविवार को दरभंगा शहरी विधानसभा क्षेत्र के लक्ष्मी सागर शक्ति केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि मन की बात देश के सकारात्मक प्रयासों, नवाचारों और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने वाला प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भीषण गर्मी के बीच लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और अनावश्यक रूप से तेज धूप में निकलने से बचने की सलाह दी। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित पारंपरिक पेय पदार्थों की चर्चा करते हुए आम पन्ना, लस्सी, छाछ, सत्तू शरबत, कोकम शरबत, पानकम, सम्बारम और बेल पना जैसे देसी पेयों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का भी माध्यम है। मौके पर दरभंगा नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष रमेश झा, रुपा चौधरी, नम्रता झा, उदय कुमार शर्मा, डॉ. ज्योति चौधरी, उमा पासवान, सुधा पासवान, प्रतिमा प्रताप मिश्रा, रुपम झा, सुषमा झा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू निषेध दिवस पर कटिहार व्यवहार न्यायालय में शपथ ग्रहण समारोह, तंबाकू मुक्त समाज का लिया गया संकल्प

**कटिहार, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को कटिहार स्थित एडीआर भवन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीजे-2 आशुतोष रॉय ने की। इस अवसर पर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, पीएलवी एवं अन्य लोगों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने ईश्वर को साक्षी मानते हुए अपने परिवार और समाज के हित में तंबाकू का उपयोग नहीं करने तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक पदाधिकारियों ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके प्रति जन-जागरूकता ही इस बुराई को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। समारोह में एडीजे-9 महेंद्र प्रसाद यादव, प्रभारी डीएलएसए सचिव सह एसीजेएम कुलदीप श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका कुमारी सहित सभी पैनल अधिवक्ता, पीएलवी, न्यायालय कर्मी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 12 साल के कामों को जन जन तक पहुंचाने का काम करे कार्यकर्ता : बचौल

**दरभंगा, 31 मई (तरुणमित्र)।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 5 जून से 21 जून तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है और आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त एवं आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 12 साल बेमिसाल अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को घर - घर तक पहुंचाए। श्री बचौल ने आगामी विश्व पर्यावरण दिवस, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने पर बल देते हुए कहा कि ये कार्यक्रम केवल आयोजन नहीं बल्कि विकसित, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण का जनआंदोलन हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संगठन की मजबूती, सेवाभाव और समर्पण के साथ जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को साझा करने तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### संगठन सृजन साथी बनाने का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आहूत की गई

**गया, 31 मई (तरुणमित्र)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठन सृजन के कार्यक्रम को लेकर गया जिला राजेंद्र आश्रम कार्यालय में संगठन सृजन साथी बनाने का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व मे रविवार को आहूत की गई।संगठन सृजन मे अनेको लोग कांग्रेस पार्टी मे सदस्यता लिया।संगठन सृजन का मुख्य उदेश्य अधिक से अधिक लोगो को पार्टी से जोड़ने का उद्देश्य है। इस अवसर पर प्रदेश के द्वारा मनोनीत गया जिला के प्रभारी बैधनाथ शर्मा जी उपस्थित रहे।उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा कार्यकताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने पर जोर दिया गया।संगठन सृजन साथी कार्यक्रम मे सदस्ता लेने वालो मे सुनैना रानी, अर्चना कुमारी, सुजीत पासवान, मनोहर शुक्ला, मनोज सिन्हा, शाहिद हसन, अमित शर्मा, रजनी देवी, सुरेश यादव, मुन्नी देवी, मनोज कुमार, रमेश कुमार, प्रियंका कुमारी, सविता देवी, संजू देवी, सुनीता देवी, सोनी कुमारी, रिंकू देवी, कांति देवी, मीणा देवी, सविता देवी, युगल किशोर सिंह, सेविंद्र चौधरी, नाथून पासवान, अर्जुन गुप्ता, विधा शर्मा, प्रदीप शर्मा, देवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र निराला, राजनन्दन सिंह, अनिल कुमार, धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती ने दिया।



### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

**गया, 31 मई (तरुणमित्र)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार रविवार, 31 मई को गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' बेहद उत्साह के साथ मनाया गया।इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रदीप कुमार मलिक के निर्देशानुसार एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दास के सफल नेतृत्व में किया गया। नशे के खिलाफ ली गई सामूहिक शपथ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार विभूति भूषण ने किया।इस शपथ कार्यक्रम के दौरान डिप्टी चीफ कृष्ण कुमार पाठक, पैनल अधिवक्ता रविकांत, कर्मचारी विकास कुमार, प्रतुल कुमार, हादी अकरम, उदय कुमार, दीपक कुमार सिंहा, अनिल कुमार, रितिक कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार,एवं पारा लीगल वालंटियर जुल्फिकार, संतोष कुमार, परमानंद सिंह, उमेश कुमार उपस्थित थे।इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को प्रभारी सचिव विभूति भूषण ने तम्बाकू, सिगरेट, अल्कोहल (शराब) तथा अन्य सभी प्रकार के घातक नशीले पदार्थों का सेवन न करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।शपथ के माध्यम से इस बात पर विशेष बल दिया गया कि सभी कर्मी न केवल स्वयं को इन व्यसनों से दूर रखेंगे, बल्कि समाज के अन्य नागरिकों को भी इसके गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।तम्बाकू और अन्य नशीले पदार्थ न सिर्फ किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करते हैं, बल्कि इससे पूरा परिवार और समाज आर्थिक व मानसिक रूप से प्रभावित होता है।समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक कर-के ही इस बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकता है।



## बेनीपुर एवं बहेड़ी प्रखंड के सभी अंचलों को 7 जून तक लंबित आवेदनों के समाधान करने का निर्देश

**दरभंगा, 31 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बेनीपुर एवं बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत सभी अंचलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी राजस्व कर्मचारी, राजस्व अधिकारी, अंचलाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) शामिल हुए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों को शीघ्र पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया।

इस दौरान परिमार्जन प्लस, भूमि मापी, दाखिल - खारिज, जमाबंदी सुधार तथा राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन 7 जून तक हर हाल में करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान एक राजस्व कर्मचारी द्वारा आवेदक के सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रहने के बावजूद आवेदन को वापस कर देने का मामला आया।

इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर समाहर्ता (राजस्व) को संबंधित राजस्व कर्मचारी को निलंबित करने की कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही अपर समाहर्ता (राजस्व) एवं संबंधित डीसीएलआर को संयुक्त रूप से समिति गठित कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जिन आवेदनों में दस्तावेजों की कमी हो, उनमें आवेदकों से आवश्यक अभिलेख मंगाकर नियमानुसार निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के निवारण में किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे तथा उनके विरुद्ध कठोर कारवाई की जाएगी। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की भी समीक्षा की गई।

## एनएच 31 पर तेज रफ्तार का कहर, कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कुरसेला, कटिहार, 31 मई (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर रविवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। थाना क्षेत्र के देवीपुर चौक के समीप पूर्णिया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने समेली की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार और बाइक की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कई फीट दूर जाकर सड़क पर गिर पड़ा। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय समाजसेवी टिंकू सिंह तथा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को तत्काल कुरसेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालांकि उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर भाजपा नेताओ ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**गया, 31 मई (तरुणमित्र)।** महानसमाजसेवी, धर्मपरायण एवं लोक कल्याणकारी शासिका राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर रविवार को गया स्थित विष्णुपद मंदिर परिसर में उनकी प्रतिमा पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित नेताओ के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।



इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान विभूति थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।उन्होंने देशभर में अनेक मंदिरों, धर्मशालाओं, घाटों एवं तीर्थस्थलों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया।काशी विश्वनाथ मंदिर, विष्णुपद मंदिर, केदारनाथ सहित अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास में उनका अतुलनीय योगदान रहा है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं धार्मिक चेतना के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्यक्रम में उपस्थित बीजेपी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर ने भी राजमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

नमन करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, गोपाल प्रसाद यादव, हीरा यादव, अभिषेक कुमार, राणा रणजीत सिंह, कमल बारिक, प्रेमनाथ टैया, सुनील रविदास, दीपक कुमार, ऋषिकेश गुड़ा, सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

# आंधी में झुका 200 केवीए ट्रांसफार्मर बना खतरे का कारण, 500 घरों की बिजली आपूर्ति पर मंडराया संकट

**कोलासी कटिहार, 31 मई (तरुणमित्र)।** कोढ़ा प्रखंड के कोलासी गांव में स्थित 200 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर इन दिनों ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप स्थापित यह ट्रांसफार्मर हाल ही में आई तेज आंधी के कारण एक तरफ झुक गया है। ट्रांसफार्मर की स्थिति को देखकर ग्रामीणों में भय का माहौल है, क्योंकि भविष्य में तेज हवा या आंधी आने पर इसके गिरने की आशंका जताई जा रही है।



ग्रामीणों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर कोलासी गांव के लगभग 500 घरों में बिजली आपूर्ति का मुख्य स्रोत है। यदि यह ट्रांसफार्मर गिर जाता है तो सैकड़ों परिवार अंधेरे में डूब जाएंगे और लोगों की दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। गर्मी के मौसम में बिजली की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है, ऐसे में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्थिति को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि ट्रांसफार्मर के आसपास झाड़-झंखाड़ और जंगलों का अंबार लगा हुआ है।

कई पेड़-पौधों की शाखाएं ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई हैं और कुछ हिस्सों में इसके ऊपर भी फैल गई हैं। इससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ गया है, बल्कि शॉर्ट सर्किट और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से ट्रांसफार्मर झुकी हुई अवस्था में है, लेकिन अब तक बिजली विभाग की ओर से इसे दुरुस्त करने की कोई पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अविलंब कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि झुके हुए ट्रांसफार्मर को पुनः सीधा कराया जाए तथा इसके आसपास उगी झाड़ियों और पेड़ों की कटाई-छंटाई कराई जाए। उनका कहना है कि समय रहते मरम्मत कार्य होने से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और गांव की निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। फिलहाल गांव के लोग हर तेज हवा और आंधी के दौरान किसी अनहोनी की आशंका को लेकर चिंतित हैं।

## फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त को कोलासी पुलिस ने दबोचा



**कोलासी, कटिहार, 31 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के कोढ़ा थाना कांड संख्या-197/25 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त शमीम उर्फ साहिल को कोलासी पुलिस ने उसके घर बैजनाथपुर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और उसकी तलाश लगातार की जा रही थी।

जानकारी के अनुसार, कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि कांड का फरार अभियुक्त शमीम उर्फ साहिल अपने घर बैजनाथपुर में मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, शमीम उर्फ साहिल कोढ़ा थाना कांड संख्या-197/25 में प्राथमिकी अभियुक्त है और घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर नजर बनाए हुए थी।

आखिरकार गुप्त सूचना के आधार पर उसे दबोचने में सफलता मिली। कोलासी पुलिस शिविर प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है। कानून से बचने की कोशिश करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है तथा अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।

# उड़ीसा के 6 लूटेरे नवादा में गिरफ्तार, कई कांडों का खुलासा

नवादा, 31 मई (तरुणमित्र)। बिहार के नवादा जिले के हिसुआ-नवादा रोड के बलियारी गांव के समीप स्थित जगदेव पेट्रोल पंप परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल की डिक्की से तीन लाख दस हजार रुपए उड़ाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 अभियुक्तों को पुलिस ने रविवार को दबोच लिया। छह अभियुक्त पकड़े गये हैं। सभी उड़ीसा के रहने वाले हैं। वे लोग गिरोह बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दे रहे थे।




पकड़े जाने वालों में उड़ीसा के कोइनपुर थाना क्षेत्र के अजय दास, राजेश दास, थामनगर थाना क्षेत्र के देवेंद्र दास, सुरडा थाना क्षेत्र के टी बाला, और टी मारकंडे गोंदारी पोकोटी थाना क्षेत्र के अशोक कुमार दास पकड़े गये हैं। पांच की उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच और टी मारकंडे की उम्र 55 वर्ष है। बिहार के जहानाबाद जिले के कुर्था थाना में भी इनकी संलिप्तता उजागर हुई है।

पुलिस के पूछताछ के दौरान सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनके पास से तीरपन हजार रुपए नगद, दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल, दो पायल, दो मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट, एटीएम कार्ड, मास्टर चाभी, ड्राइविंग लाइसेंस, पावर पैक और कई आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि वे खानाबदोश की तरह रहकर घटना को अंजाम दे रहे थे।

गया, नवादा, जहानाबाद, पटना, नालंदा आदि जगहों पर जाने की बात कही है। पहाड़ के किनारे, सुनसान जगहों पर या जहां सुरक्षित छिपकर रहने की जगह हो वैसे जगहों पर रहकर घटना को अंजाम दे रहे थे। छिपे हालत में ही पुलिस ने उन्हें नवादा जिले के तुंगी से दबोचा। एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि रुपए उड़ाने की घटना के बाद सदर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया था। ह्यूमन और टेक्निकल इंटेलिजेंस के माध्यम से सूचना एकत्र की जा रही थी। इसी क्रम में छापेमारी की गयी और अभियुक्तों को दबोचा गया। बता दें कि नवादा जिले के हिसुआ थाने के एकनार गांव निवासी पैक्स अध्यक्ष जयराम उर्फ सुबीन सिंह का भाई मृत्युंजय सिंह बैंक ऑफ इंडिया की हिसुआ शाखा से पैसे की निकासी कर डिक्की में रखकर घर जा रहे थे। पेट्रोल पंप परिसर में पंप कार्यालय के समीप मोटरसाइकिल को खड़ी किये थे और कार्यालय के भीतर गये।

दो मिनट में बाहर आने के बाद डिक्की को खुला हुआ पाया था। वहां के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पता चला कि एक युवक बाइक के पास आया और डिक्की तोड़कर राशि को निकाल लिया उसके बाद फोन करके किसी को बुलाया। काले रंग के बाइक पर दूसरा आया और वह उचक्का उसके साथ बाइक पर बैठकर भाग निकला। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी थी।

## रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण दिए कई निर्देश



नवादा, 31 मई (तरुणमित्र)। नवादा रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने रविवार को नवादा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रक्त जांच (ब्लड टेस्ट) की व्यवस्था एक छोटे कमरे में संचालित हो रही थी, जिसके कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को धूप, बारिश और अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अस्पताल के बड़े हॉल में जांच व्यवस्था संचालित करने का निर्देश दिया गया।

हॉल को खुलवाकर मरीजों के लिए बेहतर सुविधा सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही इमरजेंसी विभाग में कुछ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का दूर से ही परीक्षण किए जाने की शिकायत मिली। इस पर चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने चैंबर में बैठकर मरीजों का समुचित परीक्षण एवं उपचार करें, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। रोगी कल्याण समिति का प्रयास है कि नवादा सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक व्यवस्थित, सुचारू और जनहितकारी बनें। अस्पताल की अन्य समस्याओं एवं आवश्यक सुधारों को लेकर शीघ्र ही बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात कर आवश्यक पहल करने का प्रयास किया जाएगा।

जनसेवा और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए हमारा संकल्प निरंतर जारी रहेगा। इसमें भाजपा नेता सह रोगी कल्याण समिति सदस्य अरविंद कुमार गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, निशा राजवंशी, जेडीयू नेता सह रोगी कल्याण समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद उर्फ ज्योति पासवान, मंजू चन्द्रवशी, डॉक्टर कौशल कुमार के साथ जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी, नगरपरिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी उपस्थित रहे।

## भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय मुन्ना का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

नवादा, 31 मई (तरुणमित्र)। नवादा परिषदन में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में रविवार को बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि संजय कुमार मुन्ना ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। वे भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा जाना नवादा जिले के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता पर इतना बड़ा दायित्व सौंपा है, इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसाणिया, सांसद विवेक ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, हिसुआ विधायक अनिल सिंह तथा निर्वतमान विधायक अरुणा देवी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

भागलपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। समाज में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने को लेकर रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ताओं और पारा विधिक स्वयंसेवकों सहित कई लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर दीपांकर पांडेय ने सभी उपस्थित लोगों को तंबाकू, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया।



कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय भागलपुर राजकुमार राजपूत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश संजय प्रिया, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर रंजीता कुमारी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नशा मुक्त समाज की दिशा में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को स्वस्थ जीवन अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

## भागलपुर-कटिहार अनारक्षित स्पेशल ट्रेन की सेवा 4 जून तक रहेगी जारी

भागलपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। दक्षिण और उत्तर-पूर्वी बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत के तौर पर, रेलवे ने 03407/03408 भागलपुर - कटिहार - भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन की सेवा को मौजूदा मार्ग, समय और ठहरावों के साथ 04.06.2026 तक जारी रखने का निर्णय लिया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को मालदा डीविजन के पीआरओ ने दी। उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण रेल संपर्क शुरू में गंगा नदी पर बने विक्रमशिला सेतु को हुए नुकसान के कारण सड़क संपर्क में आई भारी बाधाओं के बाद शुरू किया गया था। जिसने भागलपुर और सीमांचल क्षेत्र के बीच सीधे वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया था। दैनिक यात्रियों, दफ्तर जाने वालों, व्यापारियों और स्थानीय किसानों को होने वाली भारी कठिनाइयों को देखते हुए, रेलवे ने पहले भागलपुर और कटिहार के बीच 01.06.2026 तक इस विशेष अनारक्षित सेवा को चलाने के लिए कदम उठाया था।

## सरकारी वाहन की आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़, 118.48 लीटर विदेशी शराब जब्त

किशनगंज, 31 मई (तरुणमित्र)। जिले में सरकारी वाहन की आड़ में शराब तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो वाहन से 118.48 लीटर विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। जब्त वाहन और शराब को उत्पाद थाना लाकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि एक सरकारी विभाग से जुड़ी गाड़ी का उपयोग शराब तस्करी के लिए किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद रामपुर (खगड़ा) स्थित उत्पाद जांच चौकी पर विशेष निगरानी बढ़ा दी गई। इसी दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से आ रही एक सफेद स्कॉर्पियो वाहन ने चेकपोस्ट देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया। वाहन की गतिविधि संदिग्ध लगने पर उत्पाद विभाग की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसका पीछा किया।

घेराबंदी के दौरान वाहन में सवार दो व्यक्ति भागने लगे। स्थानीय लोगों और उत्पाद विभाग की टीम की सहायता से एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अररिया जिले के सिमराहा निवासी प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। वाहन की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और बीयर बरामद हुई। सभी बोतलों और पैकेटों पर फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल अंकित पाया गया। पूछताछ में प्रकाश कुमार ने बताया कि उसका फरार साथी किशनगंज रेलवे कॉलोनी निवासी राजेश कुमार कामती है। दोनों पश्चिम बंगाल से शराब खरीदकर अररिया के रास्ते पूर्णिया ले जा रहे थे।

उत्पाद विभाग ने शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया है। वाहन के मालिक की भूमिका की जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, मामले में कई अहम सुराग मिले हैं और आशंका है कि सरकारी वाहनों की आड़ में शराब तस्करी का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय हो सकता है। उत्पाद थानाध्यक्ष संगम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी, फरार साथी तथा वाहन मालिक के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूरे नेटवर्क की जांच जारी है और जल्द ही अन्य संलिप्त लोगों की पहचान किए जाने की संभावना है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

भागलपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को भागलपुर पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री चंपानगर स्थित पूरनमल बाजोरिया सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के भागलपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। चंपानगर स्थित पूरनमल बाजोरिया सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, सरकार की विकास योजनाओं और आगामी चुनौतियों पर चर्चा की।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला खेल भवन में वूशु खेल प्रतियोगिता आयोजित

सहरसा, 31 मई (तरुणमित्र)। छठे सहरसा जिला जिला वुशु चैंपियनशिप सब जूनियर जूनियर और सीनियर कैटेगरी में रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला खेल भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जबकि विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर शत्रुघ्न शर्मा वैराग्य पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अंबिका देवी संयुक्त रूप से बच्चों से परिचय प्राप्त करके और दीप प्रज्वलन करके इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए समर्पित है। सहरसा में आगामी दिनों में वुशु को विभिन्न स्तरों पर सरकार के द्वारा जो मदद होती होगी। उसको करने के लिए हम तत्पर होंगे। आप सभी लोग हमें वुशु खेल के विकास के लिए जो भी पहल करेंगे उसमें हम बढ़ चढ़कर उसे कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं राष्ट्रीय रेफरी नीतीश मिश्रा ने बताया कि सरकार सेल्फ डिफेंस के क्षेत्र में बहुत मजबूती से कम कर रही है जिसमें वुशु खेल बच्चों को खेल के साथ-साथ आत्म सम्मान के प्रति भी जागरूक करता है। कार्यक्रम में वुशु संघ के संरक्षक रोशन सिंह धोनी ने बताया कि खेल के माध्यम से नशा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को समझता है और आगे बढ़ता है। जिला वुशु संघ के सचिव मनीष कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला प्रशिक्षक मुकेश कुमार सिंघम ने बताया कि सहरसा में लगभग सैकड़ो बच्चे विभिन्न सरकारी और प्राइवेट स्कूल के माध्यम से हमारे पास आते हैं उनको हम खेल भवन में प्रशिक्षित करते हैं स्कूल में प्रशिक्षित करते हैं जिससे आगामी दिनों में सहरसा वुशु के क्षेत्र में काफी संख्या में प्रतिभागी देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व वुशु प्रशिक्षक अभिनव प्रकाश प्रशिक्षक राजू सर सोनू देसाई जगदीश कार्यक्रम को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले आदर्श कुमार आदि का बहुमूल्य सहयोग रहा।

## नशे से दूर रहेंगे, समाज को भी करेंगे जागरूक : सुशांत कुमार

किशनगंज, 31 मई (तरुणमित्र)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को किशनगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के तत्वावधान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज, सुशांत कुमार ने की।




बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायालय कर्मियों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारियों ने तम्बाकू, सिगरेट, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत कुमार ने कहा कि तम्बाकू और अन्य नशीले पदार्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। इनके सेवन से न केवल व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार होता है, बल्कि उसका परिवार भी आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब समाज के सभी वर्ग इसके खिलाफ जागरूक होकर आगे आएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए युवाओं को विशेष रूप से इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी तथा डीएलएसए के कर्मी मौजूद रहे। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन नशामुक्ति के संदेश के साथ किया गया।

## दो बच्चे की मां ने रचाई शादी, प्रेमी के घर पहुंची महिला, परिजन ने अपनाने से किया इंकार

भागलपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। जिले के सनोखर थाना क्षेत्र स्थित सिलहन गांव में प्यार, शादी और विवाद की एक अनोखी कहानी सामने आई है। यहां दो बच्चों की मां को गांव के ही एक युवक से ऐसा प्यार हुआ कि उसने अपना बसा-बसाया घर छोड़ दिया और प्रेमी संग मंदिर में शादी रचा ली। लेकिन अब प्रेमी के घरवालों उसे अपनाने से इंकार कर कर रहे हैं।

25 वर्षीय मोनी कुमारी ने बताया कि गांव के ही 19 वर्षीय दिलखुश यादव से पहले बातचीत शुरू हुई। घर के पास रहने के कारण दोनों अक्सर एक-दूसरे को देखते थे। धीरे-धीरे मोबाइल पर बातें होने लगीं और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों की मुलाकातें बढ़ीं और साथ जीने-मरने की कसमें खाने लगे। महिला ने बताया कि 3 जनवरी को दोनों ने पटना के एक मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद वह करीब पांच महीने तक प्रेमी के साथ रही। महिला का दावा है कि वह फिलहाल दो माह की गर्भवती भी है। दिलखुश यादव ने कहा तुम सिलहन गांव जाओ वही तुम रहना कोई दिक्कत नहीं है। जब महिला अपने प्रेमी दिलखुश के घर पहुंची तो वहां नया मोड़ आ गया। प्रेमी की मां ने उसे घर में रखने से साफ इंकार कर रहे हैं।

देखते ही देखते घर के बाहर हंगामा शुरू हो गया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण भी जुट गए और पूरे गांव में यह मामला चर्चा का विषय बन गया। बताया जाता है कि मोनी कुमारी की शादी वर्ष 2018 में धर्मवीर साह के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। एक सात वर्षीय बेटी और पांच वर्षीय बेटा। पति भागलपुर में हलवाई का काम करता है और अक्सर घर से बाहर रहता था। इसी बीच महिला की नजदीकियां गांव के युवक दिलखुश यादव से बढ़ गईं और दोनों का प्यार शादी तक पहुंच गया। फिलहाल गांव में इस प्रेम कहानी को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। वहीं मामला अब परिवार और समाज के बीच उलझता नजर आ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसपी ने मुफस्सिल थाना का किया निरीक्षण

गया, 31 मई (तरुणमित्र)। जिले के एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा रविवार को मुफस्सिल थाना का औचक निरीक्षण किया गया। मुफस्सिल थाना द्वारा उन्हें सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई।निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हाजत एवं अभिलेखों के संधारण सहित लंबित कांडों तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।एसएसपी ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, वारंट एवं कुर्की के प्रभावी निष्पादन, अपराध नियंत्रण, नियमित वाहन जांच, गश्ती एवं जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

गया, 31 मई (तरुणमित्र)। जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निदेशानुसार रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में वाहनों की गहन जांच की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई।आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह अभियान पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ संचालित किया गया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा का आयोजन

गया, 31 मई (तरुणमित्र)। एसएसबी 29वीं बटालियन गया के परिसर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को एसएसबी 29वीं बटालियन के कमांडेंट कुणाल के द्वारा क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एसएसबी एवं 29 वीं बटालियन के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों तथा बलकर्मियों को तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट महोदय ने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।उन्होंने सभी उपस्थित कार्मिकों से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।इस अवसर पर अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), असीम उपाध्याय, द्वितीय कमान अधिकारी, दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सहित क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एवं बटालियन के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बल कर्मी उपस्थित रहे।

### 21 लीटर चुलाई शराब के साथ पांच कारोबारी गिरफ्तार

बेतिया, 31 मई (तरुणमित्र)। बेतिय पुलिस जिला के मझौलिया पुलिस ने रविवार के दिन विभिन्न कांडो में आरोपित पांच शराब कारोबारियों को कुल 21 लीटर चुलाई शराब के साथ मध निषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज एसएचओ अमर कुमार ने बताया कि कांड संख्या 476/26 के नामजद अभियुक्त हरपुर गावं निवासी झगरू पासवान (61) वर्ष को चार लीटर चुलाई शराब के साथ तथा कांड संख्या 477/26 के नामजद अभियुक्त संजय महतो, मन्देश राम, नारद यादव तीनों साकिम बखरिया को 17 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे शराब के एक और धंधेबाज लालसरैया सेंटर बाजार निवासी संतोष पासवान को गिरफ्तार किया गया।एसएचओ ने बताया कि सबों का मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।उन्होंने बताया कि शराब और नशेड़ियों के खिलाफ मुहिम जारी रहेगा।

### बिहपुर विधानसभा में जगह-जगह सुना गया पीएम की मन की बात

भागलपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात के 134वें संस्करण में रविवार को राष्ट्र को संबोधित किया। सोनवर्षा में बूथ संख्या 100 पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो गौतम ने बताया कि राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक ईशैलेंद्र ने खरीक प्रखंड के चोरहर पंचायत के बूथ संख्या 214 पर मुखिया प्रतिनिधि ब्रजेश मंडल, भाजपा बूथ अध्यक्ष निकेश गोस्वामी और मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की उपस्थिति में कार्यकताओं संग पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मंत्री ई शैलेंद्र ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बिहपुर विस क्षेत्र और राज्य ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र में पीएम मोदी के ह्यमन की बातह्न हर घर तक पहुंचे और प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में सक्रिय सहभागी बने। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के साथ पीएम मोदी का का आत्मीय संवाद है, जो समाज के सकारात्मक प्रयासों, जन भागीदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रेरक प्रसंगों से पूरे देश को निरंतर प्रेरित करता है। ई शैलेंद्र ने कहा कि हम सभी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। यहां मंत्री ने चंद्रदेव पासवान, नरेश पोद्दार, चंदन कुमार, राजकमल, रानी देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण महिला और पुरूषों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इधर बिहपुर विस के विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने आमलोगों संग सुना। बिहपुर विस क्षेत्र के सभी 316 बूथों पर भाजपा बूथ अध्यक्षों के संयोजन में लोगों ने यह कार्यकम सुना।

### आरपीएफ जवान धर्मेंद्र कुमार हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

भागलपुर, 31 मई (तरुणमित्र)। जिले के सबौर थाना क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान लापता हुए रेलवे सुरक्षा बल के जवान धर्मेंद्र कुमार हत्याकांड का भागलपुर पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। मामले का खुलासा करते हुए विधि-व्यवस्था डीएसपी नवनीत कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जवान की हत्या ट्रेन में चोरी का विरोध करने के कारण की गई थी। डीएसपी ने बताया कि बीते 27 मई को आरपीएफ इंस्पेक्टर विपिन कुमार के आवेदन पर सबौर थाना में धर्मेंद्र कुमार के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। जांच के क्रम में शंकरपुर पुल के समीप एक शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान बाद में लापता आरपीएफ जवान धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गई। घटना की गुत्थी सुलझाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और मानवीय अनुसंधान के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास किया। जांच में सामने आया कि ट्रेन में सक्रिय अपराधियों द्वारा चोरी की जा रही थी, जिसका धर्मेंद्र कुमार ने विरोध किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

सोमवार, 01 जून 2026

विक्रम संवत्– 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, प्रथमा

## ईरानी सेना के प्रति नरमी!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा, लोग हैरान होंगे यह सुनकर कि हमने ईरानी सेना को क्यों छोड़ा और उनके साथ इतनी नरमी क्यों बरती गई। यह कथन वर्तमान अमेरिका-ईरान तनाव और सीमित सैन्य अभियान के संदर्भ में आया है, जिसमें अमेरिका-इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मिसाइल सुविधाओं और रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को निशाना बनाया, लेकिन नियमित ईरानी सेना (आर्मी ऑफ द गार्डियंस ऑफ द इस्लामिक रेवोल्यूशन से अलग) पर पूर्ण हमले से परहेज किया। यह बयान रणनीतिक गणना, मानवीय विचार और भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का मिश्रण प्रतीत होता है। ट्रंप की इस नरमी को समझने के लिए ईरान की आंतरिक संरचना को देखना जरूरी है। ईरान में नियमित सेना और आईआरजीसी के बीच स्पष्ट विभाजन है। आईआरजीसी शासन की विचारधारा का प्रतीक है, जो विदेशी आतंकवाद, प्रॉक्सी युद्ध और परमाणु महत्वाकांक्षा से जुड़ा है। इसके विपरीत, नियमित सेना अधिकतर राष्ट्रीय रक्षा पर केंद्रित है और आम ईरानी जनता से जुड़ी हुई मानी जाती है। यदि अमेरिका पूर्ण पैमाने पर ईरानी सेना को नष्ट करता, तो यह पूरे देश के साथ युद्ध जैसा होता, जिससे लाखों निर्दोष नागरिक प्रभावित होते और क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ती। ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट रूप से आईआरजीसी और शासन के सैन्य स्तंभों को लक्षित किया, जबकि नियमित सेना को युद्ध से अलग रखकर भविष्य की स्थिरता का संदेश दिया। यह रणनीति 'सर्जिकल स्ट्राइक्स' की अमेरिकी परंपरा से मेल खाती है। यह नरमी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि ट्रंप हमेशा 'अमेरिका फर्स्ट' और सख्त रुख के पक्षधर रहे हैं। 2020 में कासिम सुलेमानी की हत्या इसका उदाहरण है। फिर भी, 2026 के संघर्ष में उन्होंने पूर्ण आक्रमण से बचते हुए सीमित लक्ष्य रखे, परमाणु क्षमता का विनाश, होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोगियों (सऊदी, यूएई) की सुरक्षा। कारण कई हो सकते हैं। पहला, मानवीय–पूर्ण युद्ध में भारी नागरिक हताहत और शरणार्थी संकट उत्पन्न होता। दूसरा, रणनीतिक। ईरान की नियमित सेना को बरकरार रखकर भविष्य में किसी संभावित पोस्ट-खामेनेई व्यवस्था या संक्रमण काल में स्थिरता बनाए रखना। तीसरा, आर्थिक-पूर्ण युद्ध से तेल कीमतें आसमान छूतीं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और चुनावी राजनीति को नुकसान पहुंचाती। चौथा, कूटनीतिक-रूस-चीन समर्थित ईरान के पूर्ण पतन से वैश्विक संतुलन बिगड़ सकता था। यह बयान ट्रंप की व्यावहारिकता को दशार्ता है। वे जानते हैं कि युद्ध आसान शुरू होता है, लेकिन समाप्त करना कठिन। इराक और अफगानिस्तान के अनुभव से सीखते हुए उन्होंने 'लंबे युद्ध' से परहेज किया। ईरानी सेना को छोड़कर उन्होंने यह संकेत दिया कि शत्रु शासन है, न कि पूरा ईरानी राष्ट्र। इससे ईरानी जनता में विभेद पैदा हो सकता है और आंतरिक विरोध बढ़ सकता है। हालांकि, आलोचक इसे कमजोरी मानते हैं। उनका कहना है कि आंशिक सफलता से ईरान की प्रॉक्सी शक्तियां (हिजबुल्लाह, हूती) सक्रिय रहेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव जारी है और परमाणु खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है। हम ईरान से तेल आयात करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता चाहते हैं। ट्रंप की नरमी यदि कूटनीति का द्वार खोलती है, तो स्वागत योग्य है, अन्यथा यह केवल विलंब का साधन साबित हो सकती है। अंततः, ट्रंप का यह खुलासा शक्ति के संयमित उपयोग का उदाहरण है। युद्ध में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है शांति स्थापित करना। यदि यह नरमी ईरान को समझौते की मेज पर लाती है, तो इतिहास इसे दूरदर्शिता कहेगा। अन्यथा, यह भविष्य के बड़े संघर्ष का बीज साबित हो सकती है। विश्व को अब इंतजार है, कि क्या ट्रंप का यह 'हैरान करने वाला' फैसला मध्य पूर्व में स्थायी शांति लाएगा या मात्र एक रणनीतिक विराम ही साबित होगा?

## विश्व शांति के लिये सबसे बड़ा खतरा है इजराइल



तनवीर जाफरी

**दशकों से वैश्विक स्तर पर ईरान को एक खलनायक राष्ट्र के रूप में पेश करने की घिनौनी साजिश रची जाती रही है। इजराइल यह बार बार दोहराता रहा है कि उसे डर है कि यदि ईरान परमाणु बम बना लेता है तो उसका अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।**

यह दुष्प्रचार तब किया जाता है जबकि ईरान में इस्लामी क्रांति के नेता आयतुल्लाह खुमैनी द्वारा परमाणु बम को मानवता विरोधी बताते हुये इसके निर्माण के विरुद्ध फतवा तक दिया जा चुका है। उधर ईरान के किसी भी धर्मगुरु या नेता ने आज तक परमाणु बम बनाने की बात भी नहीं की है। परन्तु इराक में सद्दाम हुसैन की तर्ज पर ईरान को भी केवल मीडिया प्रोपेगंडा कर बार बार खलनायक प्रमाणित करने की कोशिश की जाती रही है। दरअसल इसकी एक वजह यह भी है कि अमेरिकी-इस्राईली प्रभाव वाले ईरानी शासक मोहम्मद रजा शाह पहलवी ने तो 1948 में इस्राइल को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता तो दी थी परन्तु 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान ने इस्राइल की मान्यता भी समाप्त कर दी साथ ही उसे सियोनवादी शासन भी घोषित कर दिया।

परन्तु यदि हम ईरान व इस्राईल के 'ट्रैक रिकॉर्ड' को देखें तो 1967 के युद्ध में इस्राइल ने वेस्ट बैंक और गजा पर कब्जा जमाकर फिलिस्तीन पर अपना नियंत्रण करना शुरू कर दिया था। तब से लेकर आज तक इस्राइल पूरे क्षेत्र में बर्बरीयत व हिंसा करता आ रहा है। इसके पीछे उस ग्रेटर इस्राइल के गठन व निर्माण की एक जायोनिस्ट (यहूदीवादी) विस्तारवादी अवधारणा काम कर रही है जिसके तहत एक ऐसे विशाल यहूदी राज्य की कल्पना की गई है, जो वर्तमान इस्राइल से कहीं ज्यादा बड़ा हो और इसमें मध्य पूर्व के कई अरब देशों के क्षेत्रों को शामिल किया जा सके। इस योजना को आधुनिक राजनीतिक संदर्भ में एक विवादित इस्राईली विस्तारवादी परियोजना के रूप में देखा जाता है। जायोनिस्ट के इस काल्पनिक ग्रेटर इस्राइल की भौगोलिक सीमाएं मिस्र की नील नदी से लेकर इराक की फुरात (यूफ्रेट्स) नदी तक




और मदीना से लेकर लेबनान तक शामिल हैं। यहाँ तक कि पूरा जॉर्डन, फिलिस्तीन (पश्चिमी तट व गजा), लेबनान, सीरिया, इराक, मिस्र, सऊदी अरब के बड़े हिस्से, पवित्र स्थल मक्का, मदीना, और माउंट सिनाई पर कब्जा भी इस योजना में शामिल माना जाता है। इसी दूरगामी योजना के मद्देनजर इस्राईल की सरपरस्ती करते हुये अमेरिका ने दशकों से ईरान का भय दिखाकर तथा शिया सुन्नी मतभेदों को हवा देकर इसी की आड़ में मध्य पूर्व के अनेक देशों में अपने सैन्य ठिकाने भी बना रखे हैं।

दरअसल ईरान ही एक अकेला ऐसा देश है जोकि न केवल ग्रेटर इस्राइल रुपी इस विस्तारवादी परियोजना को खुलकर खारिज करता है बल्कि फिलिस्तीनी क्षेत्रों गजा, वेस्ट बैंक व लेबनान आदि में इस्राईल द्वारा कब्जा की गयी जमीन को भी मुक्त कराये जाने का पक्षधर है। यही वजह है कि ईरान, इस्राईल व अमेरिका की नजरों में खटकता रहता है। ईरान की तेल सम्पदा पर भी अमेरिका अपनी गिद्ध दृष्टि जमाये रखता है। उधर अपनी इसी योजना को आगे बढ़ाते हुये अब तक इस्राईल ने आतंक व बर्बरता का वह इतिहास रचा है जिसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। उदाहरण के तौर पर गजा में 7 अक्टूबर 2023 से 19 मई 2026 के मध्य इस्राइली सैन्य कार्रवाई में 72,772 से अधिक निहत्थे बेगुनाह फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि घायलों की संख्या 172,707 से भी अधिक है। मृतकों में आधे से अधिक महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं। इसी तरह लेबनान में भी मई 2026 तक इस्राईल के हमलों में 2,255 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यहाँ भी मरने वालों में 122 बच्चे, 83 महिलाएं और 42 चिकित्सा कर्मी भी शामिल हैं।

यह इस्राइल ही है जिसने ईरान को ग्रेटर इस्राईल के रास्ते का सबसे बड़ा अड़ंगा समझते हुये अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिये उकसाया। हद तो यह है कि अमेरिका और इस्राइल ने परमाणु वार्ता के दौरान ईरान पर कम से कम दो बार हमला किया। पहला हमला 13 जून 2025 को यानी ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता के 5 राउंड की वार्ता के दो दिन बाद किया गया था। इस में इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर भीषण हमला किया, जबकि दोनों देश आगे बातचीत की योजना बना रहे थे। इसी तरह इस्राइल और अमेरिका ने दूसरा हमला 27 फरवरी 2026 को, अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता के बीच किया जिसमें ईरान में 30 जगहों पर हमला किया गया, जिसमें तेहरान में ईरानी खुफिया एजेंसी की इमारतें, एयरपोर्ट्स, राष्ट्रपति भवन और रिहायशी इलाके शामिल थे। साथ ही तेहरान और इस्फहान जैसे 30 शहर भी अमेरिका-इस्राइल के निशाने पर थे। इसी हमले में मिनाब में स्कूल के 165 मासूम बच्चे, सर्वोच्च ईरानी नेता खामनेई व अनेक उच्चाधिकारी शहीद हुये थे।

इसके अतिरिक्त विश्व में हिंसा व अशांति फैलाने के लिये इस्राईल अनेक बार युद्धविराम का उल्लंघन भी करता आया है। चाहे वह गजा का युद्ध विराम हो या लेबनान का युद्ध विराम। इस्राइल गजा युद्ध विराम 10 अक्टूबर 2025 को अमेरिकी मध्यस्थता में लागू हुआ था। परन्तु युद्धविराम के बाद से अब तक लगभग 2000 बार इस्राईली सेना युद्धविराम का उल्लंघन कर चुकी है। और विराम के बाद 700 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 3 हजार से ज्यादा घायल हो चुके हैं। मानवता के विरुद्ध अपराध और युद्ध अपराध के कारण ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसके अतिरिक्त, तुर्की ने भी नेतन्याहू और 36 अन्य इस्राईली अधिकारियों के विरुद्ध नरसंहार के आरोप में अलग से गिरफ़्तारी वारंट जारी किए हैं।

आश्चर्यजनक है कि परमाणु हथियार रखने वाला देश इस्राइल, जिसे विश्व के सबसे बड़े नरसंहारक देश के रूप में देखा जा रहा है, व उसका संरक्षक अमेरिका, यदि ईरान जैसे देश को परमाणु हथियार बनाने की झूठ आधारित कथित संभवनाओं के चलते महज प्रोपेगंडा फैलाकर विश्व शांति के लिये बड़ा खतरा बता रहे हैं जबकि ईरान का मानवता के विरुद्ध अपराध, युद्ध अपराध या दूसरे देशों की जमीन पर घुसपैठ जैसे कोई आरोप नहीं हैं। सच तो यह है कि इस्राईल ही विश्व शांति के लिये इस समय सबसे बड़ा खतरा है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## कमजोर मानसून तो महंगाई का लगेगा तड़का, अर्थव्यवस्था होगी प्रभावित



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मौसम विभाग द्वारा 29 मई को जून से सितंबर मानसून के दौरान 10 प्रतिशत कम बरसात का पूवार्नुमान बेहद चिंताजनक का कारण बन गया है। इससे पहले जारी पूवार्नुमान में 8 प्रतिशत कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई थी। लगभग दस साल बाद देश में कमजोर मानसून के हालात रहने की संभावना है।

अर्थव्यवस्था के लिए यह इसलिए और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है कि एक और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर के आसार नहीं दिख रहे हैं और इसके कारण भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश कच्चे तेल और गैस की समस्या से दो चार हो रहे हैं और इसका सीधा असर महंगाई बढ़ना हो रहा है। दूसरी और अब अलनीनों के प्रभाव से इस साल कमजोर मानसून के कारण 10 प्रतिशत कम बरसात होने से हालात और भी गंभीर होने की संभावना बनती जा रही है। करीब दस साल बाद ऐसे हालात बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि उत्तर पूर्व को छोड़कर समूचे देश में कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को इसलिए भी नहीं नकारा जा सकता है कि पिछले सालों में भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान लगभग सटीक रहने लगे हैं। मजे की बात यह है कि इस साल गर्मी भी भीषण पड़ रही है और पिछले एक माह में ही जलाशयों में उपलब्ध पानी में तेजी से कमी आई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश के प्रमुख 166 जलाशयों में कुल भराव क्षमता का 24 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है और तेजी से पानी कम होता जा रहा है। दक्षिण भारत के हालात अधिक गंभीर है और वहां लगभग 17 प्रतिशत ही पानी रह गया है। उत्तरी भारत के जलाशयों में 26 तो पश्चिमी भारत के जलाशयों में 28 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है। मानसून भी तय समय से बिलंबित हो रहा है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि हमारी अर्थव्यवस्था मानसूनी बरसात पर बहुत कुछ निर्भर करती है। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है। पूवार्नुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है। कमजोर मानसून के कारण भूजल स्तर में गिरावट, अधिक पानी पर निर्भर धान, तिलहन और दलहन की फसल प्रभावित होगी और इस कारण से खाद्य महंगाई बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इससे आम आदमी की थाली पर असर पड़ेगा और सब्जी, दाल और अनाज सभी के भाव बढ़ने का असर दिखाई देगा। इसी तरह से देश के अनेक हिस्सों में पीने के पानी की दिक्कत आम है। बांधों में तेजी से पानी की कमी और मानसून कमजोर रहने से पानी की कम आवक रहती है तो निश्चित रुप से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी की दिक्कत होगी। जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन पर असर होगा तो कुल मिलाकर अर्थ व्यवस्था को प्रभावित होने से कोई नहीं रोक सकता।

दरअसल देश में एक समय था जब सूखा आम होता था और व्यापक स्तर पर अकाल राहत कार्य संचालित होते थे। हांलाकि देश के हालातों में काफी सुधार हुआ है और अकाल को तो लगभग भूल ही चुके हैं। पर सवाल वहीं का वहीं है कि जल संचयन के जो प्रयास होने चाहिए थे और उनका जिस तरह का प्रभाव पड़ना चाहिए था वह अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार के सामने कमजोर मानसून के हालात से निपटने की बड़ी चुनौती आने वाली है। सबसे अधिक तो जल संग्रहण की चुनौती होगी क्योंकि प्राकृतिक जल संग्रहण के रास्ते शहरीकरण की भेंट चढ़ चुके हैं। दीर्घकालीन सोच के साथ ठोस प्रयास नहीं होने से बरसात के पानी का सही तरीके से संग्रहण भी नहीं हो पा रहा है। जितने पानी की साल भर आवश्यकता होती है उससे अधिक बरसाती पानी तो बह जाता है। इसके अलावा पानी का उपयोग और दुरुपयोग दोनों ही बढ़ गए हैं। कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की किस्में विकसित करने में हम अभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पायें हैं। पांच नदियों के प्रदेश पंजाब तक में पानी का संकट होने लगा है। खेती ही नहीं घरेलू जरुरतों में भी पानी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। टायलेट और कूलरों में पानी की खपत बहुत अधिक बढ़ गई है। जल बचाओ मात्र स्लोगन ही रह गया है और इसका असर दिखाई नहीं देता। इसी तरह से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार तो बहुत किये गये हैं पर उनके निर्माण में जिस तरह की लापरवाही बरती गई है वह किसी से छिपी नहीं हैं। क्योंकि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कितना सफल रहा है वह सामने हैं। बाहरमासी नदी नालें तो अब कल्पना की बात हो गए हैं बल्कि बरसाती नदियां भी बरसात में एकाध बार ही पूरे वेग से बहती दिखती है। ऐसे में गंभीरता को तो समझा ही जा सकता है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि मानसून हमेशा सामान्य ही रहेगा यह सोचना अपने आप में गलत होगा। जिस तरह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जंगल घटते जा रहे हैं, पेड़ पौधे कम हो रहे हैं वह किसी और की देन नहीं हमारे कारण ही हो रहा है। हालात यह हो गए हैं कि सर्दी में सर्दी नहीं और गर्मी में गर्मी को तरसने लगे हैं। यहां तक कि इस बार तो बसंत की प्रतीक्षा ही करते रह गए हैं। जनवरी फरवरी में सर्दी तो फिर मार्च अप्रेल में गर्मी का असर देखा गया। बसंत कब आया और कब गया पता ही नहीं चला। कहने का अर्थ है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम सामने हैं। प्राकृतिक विपदाएं अधिक होने लगी है। ग्लेसियरों में तेजी से बर्फ पिघल रही है, समयपर बर्फवारी कम होने लगी है। बेमौसम आंधी ओलावृष्टि आम होती जा रही है। खैर यह विषयांतर होगा पर कहीं ना कहीं मानसून को लेकर दीर्घकालीन रणनीति बनानी ही होगी ताकि कमजोर मानसून का जनजीवन और अर्थ व्यवस्था पर व्यापक असर नहीं पड़े। सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर इस दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### चुनावी मोड में योगी !



कृष्णेन्द्र राय

जाना...चुनाव में मुझे जाना ।
दिलाना...जीत मुझे दिलाना ।।
कहता हूं ठोक के, डंके की चोट पे ।
मैं ही आने वाला...।।
आत्मविश्वास आंखों में ।
काम हुआ चालू ।।
सर पे है चुनाव ।
सर पे है चुनाव ।।
अपने ही रंग में ।
मैं रंग गया हूं ।।
यही तो कहा ।
यही तो कहा ।।
लड़ाई लड़नी, रहना है मगन ।।
रखना लाज, आप से हैं हम ।।

### सूडोकु नवताल- 7812

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## माता-पिता हैं वर्तमान की शक्ति व भविष्य की प्रेरणा



ललित गर्ग

विश्व के अधिकतर देशों की संस्कृति में माता-पिता का रिश्ता सबसे बड़ा एवं प्रगाढ़ माना गया है। भारत में तो इन्हें ईश्वर का रूप माना गया है। माता-पिता को उनके बच्चों के लिए किए गए उनके काम, बच्चों के प्रति उनकी निस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को पोषित करने के लिए उनके आजीवन त्याग के लिए सम्मान और सराहना देने के लिए प्रतिवर्ष विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून को मनाया जाता है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पालन दिवस है। यह दिन हमें उस महान शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर देता है, जिसके कारण मानव जीवन का अस्तित्व, विकास और संस्कार संभव हो पाते हैं। वर्ष 2026 की थीम माता-पिता के लिए एक साथ एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश लेकर आई है। यह केवल माता-पिता के सम्मान का आह्वान नहीं करती, बल्कि पूरे समाज, समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारों को यह प्रेरणा देती है कि वे माता-पिता की भूमिका को समझें, उनके साथ खड़े हों और उनके दायित्वों को निभाने में सहयोग करें।

अधिकांश देशों में सदियों से माता-पिता का सम्मान करने की परंपरा रही है। माता-पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी माता-पिता की जगह नहीं ले सकता। वे सच्चे शुभचिंतक हैं। लेकिन मानव इतिहास में कभी भी परिवार और माता-पिता की भूमिका इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही, जितनी आज है। तकनीकी क्रांति ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन मानवीय संबंधों को नई परीक्षाओं के सामने भी खड़ा कर दिया है। मोबाइल, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में बच्चों की दुनिया तेजी से बदल रही है। ज्ञान के स्रोत घर और विद्यालय से निकलकर डिजिटल मंचों तक पहुंच गए हैं। ऐसे समय में माता-पिता की भूमिका केवल पालन-पोषण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे बच्चों के भावनात्मक संतुलन, नैतिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के प्रमुख संरक्षक बन गए हैं। वे केवल जीवन देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले हैं। दुनिया के हर समाज में माता-पिता को सम्मान दिया जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति ने उन्हें विशेष रूप से देवत्व का स्थान प्रदान किया है। हमारे उपनिषदों का उद्घोष 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः'- मानव सभ्यता के श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों में से एक है। मां अपने वात्सल्य, करुणा, त्याग और ममता से जीवन को सींचती है, जबकि पिता अपने परिश्रम, अनुशासन, संरक्षण और संघर्ष से भविष्य की मजबूत नींव रखता है। इसी कारण भारतीय परिवार व्यवस्था सदियों तक विश्व के लिए आदर्श बनी रही है।

हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक प्रसंग हैं जो माता-पिता के सम्मान और सेवा की प्रेरणा देते हैं। श्रवण कुमार की कथा केवल एक पुत्र की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। अपने वृद्ध और दृष्टिहीन माता-पिता को कंधों पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने वाले श्रवण कुमार ने यह सिद्ध किया कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ के वचन की रक्षा के लिए राज्य, वैभव और सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि माता-पिता के सम्मान को सर्वोच्च मानने का संदेश था। महाभारत, रामायण और जैन तथा बौद्ध साहित्य में भी माता-पिता के प्रति श्रद्धा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य माना गया है। भगवान के रूप में माता-पिता हमारे लिये एक सौगात हैं जिनकी हमें सेवा करनी चाहिए और कभी उनका दिल नहीं तोडना चाहिए। एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। मां का रिश्ता सबसे गहरा एवं पवित्र माना गया है, लेकिन बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता कठोर इसलिये होते हैं ताकि बेटा उन्हें देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। आधुनिक समाज में माता-पिता और उनकी संतान के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है।

आज जब एकल परिवारों का विस्तार हो रहा है, जीवन की गति तेज हो गई है और रिश्तों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है, तब माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या, पारिवारिक विघटन और पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी हमें यह सोचने के लिए विवश करती है कि कहीं आधुनिकता की दौड़ में हम अपने मूल्यों को तो नहीं खो रहे हैं। आर्थिक सफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा और तकनीकी उपलब्धियां तभी सार्थक हैं, जब उनके साथ मानवीय संवेदनाएं भी जीवित रहें। जिस घर में माता-पिता सम्मानित होते हैं, वहां संस्कारों की धारा बहती है; जहां उनका उपेक्षित होना प्रारंभ होता है, वहां परिवार की आत्मा कमजोर पड़ने लगती है। वास्तव में माता-पिता किसी भी बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं। विद्यालय ज्ञान दे सकता है, लेकिन जीवन जीने की कला, संघर्ष का साहस, प्रेम का भाव, करुणा की संवेदना और नैतिकता की नींव माता-पिता ही रखते हैं। वे अपने बच्चों के लिए अनगिनत त्याग करते हैं, अनेक सपनों का परित्याग करते हैं और बिना किसी अपेक्षा के उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित रहते हैं। उनका प्रेम ऐसा निवेश है जिसका प्रतिफल वे कभी मांगते नहीं, लेकिन जिसकी छाया जीवनभर संतानों को सुरक्षा प्रदान करती रहती है। माता-पिता से जुड़ी संस्कृति एवं परिवारों को सशक्त बनाए बिना किसी भी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम माता-पिता को केवल सम्मान देने की औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि उनके प्रति कृतज्ञता, संवेदनशीलता और सहयोग की संस्कृति विकसित करें। उनके अनुभवों को सुनें, उनके संघर्षों को समझें, उनके साथ समय बिताएं और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि वे परिवार और समाज के लिए आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने पहले थे। माता-पिता केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की शक्ति और भविष्य की प्रेरणा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नारे सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की गूंज और भावना अभिभावकों के जीवन में उजाला बने, तभी नया भारत निर्मित होगा। मानवीय रिश्तों में दुनिया में माता-पिता और संतान का रिश्ता अनुपम है, संवेदनाभरा है। माता-पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संभावनाओं के पुंज हैं। हर माता-पिता अपनी संतान की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करते हैं। माता-पिता की प्रेरणाएं संतान को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही माता-पिता शिव पार्वती की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं।

विश्व माता-पिता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि बदलती दुनिया में बहुत कुछ बदल सकता है, लेकिन माता-पिता के प्रेम, त्याग, मार्गदर्शन और समर्पण का कोई विकल्प कभी नहीं हो सकता। वे परिवार की जड़ हैं, संस्कृति के संवाहक हैं, मानवता के प्रथम शिक्षक हैं और सभ्यता की सबसे मजबूत नींव हैं।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**– जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**वृष**– कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन**– अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क**– संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह**– स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कन्या**– कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला**– प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक**– स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु**– नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर**– एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ**– सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन**– धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# चोरी की बाइक व दो मोबाइल के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**सुपौल, 31 मई (तरुणमित्र)।** सुपौल पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का संबंध 18 मई को परमानंदपुर क्षेत्र में बंदूक की नोक पर हुई छिनतई की घटना से भी जुड़ा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी कर पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की एक बाइक तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में कई अहम सुराग मिलने की बात सामने आ रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 18 मई को परमानंदपुर में



हथियार के बल पर छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले की जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।इस कार्रवाई को सुपौल पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## तीन दिन में तीसरी वारदात, बंद घर से जेवर-नकदी समेत बकरा तक ले उड़े बदमाश

**सुपौल, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिले के पिपराथाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।महज तीन दिनों के भीतर चोरी और चोरी के प्रयास की तीन घटनाएं सामने आने से इलाके में दहशत का माहौल है। ताजा मामला पथरा उत्तर पंचायत के सन्यासी टोला का है, जहां चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, सन्यासी टोला वार्ड संख्या-5 निवासी इंदल गिरी रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं। घर में रहने वाले बच्चे भी रात में रिश्तेदारों के यहां सोने चले जाते थे। इसी का फायदा उठाकर शनिवार रात अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य गेट की लोहे की कुंडी तोड़ दी और अंदर घुस गए। चोरों ने घर के कमरों में रखे बक्से और ट्रॉली बैग को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, नकद राशि तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, बदमाश घर से एलसीडी टीवी, टेंपू की बैटरी और एक बकरा भी अपने साथ ले गए।घटना का खुलासा रविवार सुबह हुआ, जब इंदल गिरी की 12 वर्षीय पुत्री नंदिनी कुमारी घर पहुंची। घर के अंदर सामान बिखरा देख उसने ग्रामीणों को सूचना दी।

# मोतिहारी में एनसीबी ने मादक पदार्थ के बड़े तस्कर सिंडीकेट का किया खुलासा,भारी मात्रा में कैश व डोडा बरामद

**पूर्वी चंपारण, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने नगर थाना की पुलिस के सहयोग से मादक पदार्थ के बड़े तस्कर गिरोह का खुलासा किया है। संयुक्त टीम ने इस दौरान दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।

जिनके पास से करीब 70 लाख रुपये से अधिक नकद राशि, एक नोट गिनने की मशीन और लगभग 400 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया है। दरअसल एनसीबी को गुप्त सूचना मिली थी कि पीपरा थाना क्षेत्र के स्थायी निवासी वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र के मिस्कॉट मुहल्ला निवासी किराना व्यवसायी पप्पू प्रसाद अपनी किराना दुकान की आड़ में डोडा का अवैध कारोबार चला रहा है। इस सूचना के आधार पर बीते कुछ दिनो से एनसीबी की टीम ने रेकी शुरू की।

रेकी के दौरान मादक पदार्थ के कारोबार की पुष्टि होने के बाद नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर कारोबारी के हिन्दी बाजार के पानी टंकी,चांदमारी व जानपुल सहित कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान सामने आया कि आरोपी पप्पू प्रसाद इस कारोबार का संचालन अपने निजी मकान के बजाय किराये के घर से कर रहा था।मिली जानकारी के अनुसार कारोबारी पप्पू प्रसाद का मुजफ्फरपुर-मोतीपुर रोड पर 'मोगा ढाबा' नाम से एक प्रतिष्ठान भी है। कारोबारी इस ढाबे से डोडा की सप्लाई ट्रक चालकों के माध्यम से देश के अन्य राज्यो तक कर रहा था। जिसकी जांच एनसीबी की टीम ने शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। फिलहाल एनसीबी व पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस सिंडीकेट से जुड़े अन्य लोगो का पता चल सके। अधिकारियों ने बताया है कि मामले की जांच चल रही है,जांच पूरी होने के बाद और अधिक विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

# बच्चे के गले से सोने का लॉकेट छीनकर भाग रहा युवक दबोचा गया

**सीवान, 31 मई (तरुणमित्र)।** रेलवे स्टेशन पर एक यात्री के बच्चे के गले से सोने का लॉकेट छीनकर भाग रहे एक शातिर अपराधी को आरपीएफ की क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वाड तथा जीआरपी सीवान ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया. ।गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी किया गया सोने का लॉकेट भी बरामद कर लिया गया है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश एवं आरपीएफ पोस्ट सीवान के प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में सीपीडीएस टीम और जीआरपी सीवान द्वारा सीवान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर गश्त एवं आपराधिक गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना क्षेत्र के तुमरिया गांव निवासी रेल यात्री पेंटर तिवारी के बच्चे के गले से सोने का लॉकेट छीनकर भाग रहे एक युवक को जवानों ने पीछा कर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नया किला चिक टोली निवासी 19 वर्षीय मासूम अली के रूप में हुई है।

में पता चला कि वह छपरा-गोरखपुर रेलखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में घूम-घूमकर यात्रियों के कीमती सामानों की चोरी और छिनतई की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी के पास से एक सोने का लॉकेट बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है। बरामद लॉकेट को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखा गया है.इस संबंध में रेल थाना सिवान में कांड संख्या 90/26 प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान में जीआरपी के पुअनि सुरेश राम, सीपीडीएस टीम के सउनि शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, आरपीएफ के सउनि छोटे लाल सिंह यादव, कांस्टेबल विजय कुमार यादव, अमरेन्द्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा, कांस्टेबल बिन्देश्वर साह गौड़ तथा जीआरपी के सिपाही श्रवण कुमार और राज कुमार शामिल रहे।

## अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार

**सुगौली,पू च, 31 मई (तरुणमित्र)।** राजस्व विभाग के द्वारा अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें सुनवाई के डेढ़ दर्जन मामले जमीन से जुड़े आये।अंचलाधिकारी कुंदन कुमार,राजस्व पदाधिकारी राधे श्याम शर्मा और थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने मामलों की सुनवाई की।सुनवाई के दौरान नगर पंचायत के बेलइठ के जय प्रकाश सिन्हा और शिव पूजन महतो के बीच के जमीनी विवाद की सुनवाई की गई। सुनवाई के बाद अंचलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की दलील सुनने और कागजात का अवलोकन करने के बाद पाया गया कि उक्त जमीन रैयती मामले की है।

# विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच आरोपी गिरफ्तार

**सुगौली,पू.चः, 31 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने थानाध्यक्ष अनिष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाकर शराब तस्करी समेत विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान मुसवा गांव निवासी वासदेव सहनी, पिता देवनाथ सहनी, को 30 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं पूर्व के शराब कांड में फरार चल रहे मेहवा गांव



निवासी भोला सहनी,पिता रामाधार सहनी, को भी पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा जमीनी विवाद से जुड़े मामले में श्रीपुर निवासी आसिक हुसैन,पिता आबिद हुसैन, को गिरफ्तार किया गया। वहीं पॉक्सो एक्ट के मामले में रामनगर बनकट निवासी अमन,पिता मुस्तकीम मियां, तथा आर्म्स एक्ट के मामले में पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र निवासी मुनाफ, पिता शेख अलाउद्दीन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष अनिष कुमार सिंह ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों और शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# एसएसबी बीरपुर में तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित

**सुपौल, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बीरपुर मुख्यालय एवं वाहिनी की समस्त सीमा चौकियों में तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों एवं आमजन के बीच तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश प्रसारित करना था। 45वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों तथा महिला कार्मिकों ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली




अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान जगदीश कुमार शर्मा ने तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा का वाचन कर सभी उपस्थित कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान पर प्रकाश डालते हुए सभी को तंबाकू एवं धूम्रपानजनित नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।इस अवसर पर प्रवीण कुमार कौशिक, उप कमांडेंट तथा राहुल कुमार, सहायक कमांडेंट सहित अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवानों एवं महिला कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया। 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर द्वारा समय-समय पर जन-जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर कार्मिकों तथा आमजन को स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता एवं नशामुक्त भारत के संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# रेल यात्रियों के मोबाइल चुराने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, छह मोबाइल बरामद

**सीवान, 31 मई (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान की क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वाड एवं जीआरपी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रेल यात्रियों के कीमती सामानों की चोरी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपये बताई गई है।वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश तथा आरपीएफ पोस्ट सीवान के प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में रविवार को सीवान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 के समीप झाड़ियों में छिपे दो संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई. तलाशी के दौरान उनके पास से विभिन्न कंपनियों के कुल छह चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।पकड़े गए आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के जमुड़िया थाना क्षेत्र के निंधा निवासी 26 वर्षीय संजय नोनिया तथा झारखंड के साहेबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के बाबुपुर तीनपहाड़ निवासी 23 वर्षीय करण कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपित पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में घूम-घूमकर रेल यात्रियों के मोबाइल एवं अन्य कीमती सामानों की चोरी करते थे। बरामद मोबाइल फोन में एक एप्पल, एक रेडमी, एक नोकिया, दो रियलमी तथा एक वीवो कंपनी का मोबाइल शामिल है।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस: स्वास्थ्यकर्मियों व आमजनों ने ली तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ

**मोतिहारी, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों ने तम्बाकू व धूम्रपान का सेवन न करने की शपथ ली। सदर अस्पताल मोतिहारी, सहित जिले के कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने आज से तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली।चिरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम कुमार पासवान ने बताया कि हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू का उपयोग किस तरह से शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, इसके बारे में लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। घर की खुशियों के लिए तम्बाकू की आदत छोड़ें इसकी जगह संतुलित आहार का सेवन करें। यह आपके जीवन रक्षा हेतु बेहद आवश्यक है। चिरैया आयुष्मान आरोग्य मंदिर मे उपस्थित रोगी हितधारक मंच के सदस्यों,स्वास्थ्यकर्मियों ने सी एचओ रानी कुमारी चौरसिया, एएनएम रागिनी कुमारी ने स्वयं के साथ साथ लोगों से भी तम्बाकू का सेवन नहीं करने की अपील की। साथ ही तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा की।रानी चौरसिया ने बताया कि तंबाकू का सेवन कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है, जैसे कि फेफड़े के रोग, ट्यूबरक्लोसिस, दमा, आदि। इतना ही नहीं, इससे फेफड़े का कैंसर और मुंह का कैंसर भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि भारत में सभी तरह के कैंसरों में तंबाकू का योगदान तकरीबन 30 फीसदी तक है।

## सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी, 31 मई (तरुणमित्र)।** पूर्वी चंपारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के तत्वावधान में आज मुजीब बालिका +2 विद्यालय में नालसा जागृति योजना के अंतर्गत सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी नितिन त्रिपाठी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा सिमरन द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक चुनौतियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नितिन त्रिपाठी ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बालिका एवं महिला को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा एवं कार्य करने का अधिकार प्राप्त है तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध कानूनी सहायता उपलब्ध है।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर पवन जायसवाल का सम्मान, समर्थकों ने दी बधाई

## वैश्य समाज और युवाओं में उत्साह, शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार

**मोतिहारी/पटना, 31 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय, पटना में शनिवार को वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं नव नियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल से उनके शुभचिंतकों और समर्थकों ने मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पवन जायसवाल को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने से बिहार के युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा कि संगठन



में उनकी सक्रिय भूमिका, समाज के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा समाज के विभिन्न वर्गों को भाजपा से जोड़ने में भी सहायता मिलेगी। उपस्थित लोगों ने कहा कि वैश्य समाज में इस निर्णय को लेकर विशेष उत्साह का माहौल है। समाज के लोगों का मानना है कि पवन जायसवाल के नेतृत्व में उनकी आवाज को और मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी को नया आयाम प्राप्त होगा। इस अवसर पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति वैश्य समाज की ओर से आभार भी व्यक्त किया गया।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव गुप्ता, प्रदेश महासचिव प्रमोद गुप्ता, मोतिहारी नगर के पूर्व वार्ड पार्षद हरिश कुमार, पूर्व जिला पार्षद मनोज जायसवाल, रूपेश कुमार अकेला, संजय गुप्ता, दिलीप जायसवाल सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने पवन जायसवाल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन एवं समाज हित में उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# बेलवतिया गांव के तीन युवकों का सेना व पुलिस में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



**सुगौली, पू.चः, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड के शुकुल पाकड़ पंचायत अंतर्गत बेलवतिया गांव के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब गांव के तीन युवकों का भारतीय सेना और बिहार पुलिस में चयन हुआ। एक ही गांव के तीन युवाओं के सरकारी सेवा में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव की बड़ी उपलब्धि बताते हुए चयनित युवकों और उनके परिजनों को बधाई दी।

जानकारी के अनुसार, बेलवतिया निवासी बागड़ पटेल के पुत्र रंजन पटेल का चयन बिहार पुलिस में हुआ है, जबकि मनु पटेल के पुत्र अंकित कुमार पटेल तथा मुंसी सहनी के पुत्र दिलकेश कुमार सहनी का चयन भारतीय सेना में हुआ है। तीनों युवक अब देश और समाज की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। युवकों की इस सफलता पर स्थानीय विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता उनके घर पहुंचे और उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि तीनों युवकों ने अपने कठिन परिश्रम,अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनका चयन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये युवा आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेंगे और उनकी सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का उत्साह मिलेगा।

विधायक ने कहा कि सरकारी सेवा में सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच आवश्यक है। उन्होंने चयनित युवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

वहीं चयनित युवकों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही देश सेवा का सपना था, जो अब साकार हुआ है। मौके पर भाजपा के वरीय नेता अवध पटेल,अमर किशोर पटेल, मनोज सहनी,रवि कुमार,मुन्ना कुमार, पंचायत अध्यक्ष जग सहनी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।


**NOTICE**

I, Pawan Kumar Jha S/o Kailash Prasad Jha R/o Chhoti Simra, Naugachia, Dist: Bhagalpur, Bihar-853204, have changed my minor son's name from Reshaw Aged 13 Years to Aditya Kumar Jha forever


# बाढ़ 2026 की तैयारी को लेकर प्रशासन अलर्ट, कोशी तटबंध के भीतर दुबियाही व मौजहा पंचायत का निरीक्षण

**सुपौल, 31 मई (तरुणमित्र)।** आगामी बाढ़ 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को किशनपुर प्रखंड अंतर्गत कोशी तटबंध के भीतर स्थित दुबियाही एवं मौजहा पंचायत का एसडीएम मनोहर कुमार साहु और एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ और कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएंगी।

निरीक्षण दल में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनोहर साहु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुपौल, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) किशनपुर, संबंधित तटबंध के पदाधिकारी, अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। अधिकारियों ने तटबंध के भीतर



बसे गांवों की भौगोलिक स्थिति, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और कटाव की गंभीरता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुबियाही और मौजहा पंचायत के उन इलाकों का विशेष रूप से दौरा किया जहां कोशी नदी के कटाव का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि हर वर्ष बाढ़ और कटाव के कारण उनकी कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कटाव निरोधी कार्यों को शीघ्र शुरू करने और प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि सरकार की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कटाव प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जिन परिवारों के विस्थापन की संभावना है, उनके पुनर्स्थापन की प्रक्रिया भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कटाव प्रभावित स्थलों पर मौजूद अभियंताओं को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जहां कटाव की आशंका अधिक है, वहां तत्काल प्रभाव से सुरक्षा एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएं। कटाव रोकने के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी करने तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कार्ययोजना तैयार रखने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने कहा कि बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा लगातार की जा रही है और सरकार की मंशा है कि तटबंध के भीतर रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि प्रशासन बाढ़ संभावित क्षेत्रों की सूची तैयार कर रहा है तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। नाव, राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधाएं तथा सुरक्षित शरण स्थलों की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की कि वे बाढ़ के समय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

अधिकारियों ने कहा कि जनसहभागिता से ही आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सकता है। स्थानीय मुखिया ने प्रशासन द्वारा किए जा रहे निरीक्षण और तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते किए गए ऐसे प्रयासों से लोगों का भरोसा बढ़ता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कटाव निरोधी कार्यों को जल्द पूरा कर लिया जाएगा, जिससे बाढ़ के दौरान होने वाले नुकसान को कम किया जा सके ।कोशी क्षेत्र हमेशा से बाढ़ और कटाव की चुनौती का सामना करता रहा है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सासाराम, 31 मई (तरुणमित्र)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में चिकित्सा स्नातक छात्रों द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोहतास जिले के अंकोढ़ीगोला प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बराढ़ी के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं आसपास के समुदाय को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।




कार्यक्रम के दौरान तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर ,हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपस्थित लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। स्नातक चिकित्सा छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और किशोरों को विशेष रूप से तंबाकू की लत से बचने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया ।उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवान ना केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है ,बल्कि परिवार एवं समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाएं तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें ।यह कार्यक्रम सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ निपेन्द्र आनंद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर भारत तंवर (सहायक प्राध्यापक),डॉ अमरजीत ,संतोष कुमार मिश्रा ,शिवबचन प्रसाद प्रधानाध्यापक, रवि प्रकाश, श्रीमती प्रीति कुमारी शाह ,राजेश कुमार ,सरिता कुमारी ,रितु कुमारी ,रिंकू कुमारी ,ओम प्रकाश चौधरी ने सक्रिय सहभागिता निभाई ।कार्यक्रम में तंबाकू निषेध को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।इसमें आसपास के बच्चे और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक चिकित्सा विभाग के इंटर्न्स के द्वारा किया गया। इस टीम का नेतृत्व डॉक्टर कुमारी पूजा ने किया जबकि टीम में डॉक्टर संतोष रंजन, डॉक्टर प्रिया मिश्रा, डॉक्टर एकता शर्मा, डॉक्टर राजेंद्र कुमार यादव, डॉक्टर आर्यन ठाकुर ,डॉक्टर शिखा स्वरूप देवांसी आदि शामिल थे।

## मारपीट मामले में पांच नामजद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दिनारा रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरना गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरना गांव निवासी रामजी पासवान के पुत्र नंदजी पासवान द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया। दर्ज प्राथमिकी में झुला मुसहर, मुकेश मुसहर, मिथुन मुसहर समेत कुल पांच लोगों को आरोपित बनाया गया है ।थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच के क्रम में कार्रवाई करते हुए स्वर्गीय भरदन मुसहर के पुत्र टमाटर मुसहर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।पुलिस के अनुसार अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

## संतों के दर्शन से प्रारब्ध का प्रभाव होता है क्षीण : जीयर स्वामी जी महाराज

**दिनारा रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के मउडीहरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। कथा स्थल पर पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के दर्शन और प्रवचन सुनने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। पूरा वातावरण भक्ति, सत्संग और हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान है। अपने अमृतमय एवं ओजस्वी प्रवचन में पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि नैतिकता के अभाव में धन मनुष्य के लिए बोझ बन जाता है। धर्म का वास्तविक अर्थ केवल मंदिरों में समय बिताना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि कर्म ही योग है और मनुष्य को सदैव सत्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों के अनुसार शुभ एवं अशुभ फल प्राप्त करता है, किंतु प्रारब्ध के प्रभाव से कई बार शुभ कर्मों का परिणाम भी प्रतिकूल दिखाई देता है। ऐसे समय में धैर्य और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि संतों के दर्शन और सत्संग से प्रारब्ध का प्रभाव क्षीण होता है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है ।उन्होंने कहा कि पापी व्यक्ति से नहीं, बल्कि पाप से घृणा करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कोचस मे जीवन बीमा का खुला कार्यालय, लोगों को मिलेगी लाभ

**कोचस (रोहतास), 31 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय जीवन बीमा के कार्यालय खोलने से ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों, अभिकताओं और निगम, तीनों को व्यापक लाभ मिलते हैं ।उक्त बातें रविवार को कोचस पूर्वी के जिला पार्षद नीलम पटेल ने एक भारतीय जीवन बीमा का निजी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया ।इस मौके पर भारतीय जीवन बीमा के विकास अधिकारी सासाराम प्रमोद रंजन ने कहा कि कहा कि कार्यालय का मुख्य उद्देश्य बीमा सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाना है ।ग्रामीणों को छोटी-छोटी सेवाओं (जैसे प्रीमियम जमा करना, पता बदलना, या पॉलिसी लोन) के लिए शहरों की मुख्य शाखाओं में नहीं जाना पड़ता है. इस कार्यालय को खोलने के लिए आशुतोष कुमार को धन्यवाद व साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यालय होने से ग्राहकों के यात्रा समय और धन की बचत होती है तथा मैच्योरिटी और डेथ क्लेम से जुड़े दस्तावेज स्थानीय कार्यालय में ही आसानी से जमा हो जाते हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद पटेल ने कहा कि स्थानीय कार्यालय होने से ग्रामीण इलाकों के लोगों का बीमा योजनाओं और कंपनी में भरोसा बढ़ता एक्स है। कार्यालय में पहला प्रीमियम जमा करने के लिये अमरजीत कुमार को कम्पनी के तरफ से सम्मानित किया गया ।मौके पर संजय सिंह, रौशन पटेल, विनोद सिंह, भारतीय जीवन बीमा के कर्मचारी अमृत कुमार , अमित राज,,मुकेश चौधरी, मेराज राइन मंटू गुप्ता,समेत अन्य काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### गोडारी के माइंड स्क्वायर संस्थान से 5 बिहार पुलिस व 1 अग्निवीर का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**काराकाट /रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड के गोडारी स्थित माइंड स्क्वायर कोचिंग ने एक बार फिर तारीफें बटोरी हैं। संस्थान से तैयारी करने वाले कुल छह अभ्यर्थियों ने सरकारी सेवा में जगह बनाई है खुशबू कुमारी, श्रेया कुमारी, सुनीता कुमारी, रिया कुमारी और गोलू कुमार का अंतिम चयन बिहार पुलिस में हुआ है, जबकि प्रमोद कुमार अग्निवीर के रूप में चुने गए हैं। इस सफलता से गोडारी और आसपास के गांवों में खुशी और गर्व का माहौल है। संस्थान के निदेशक व मैथ-रीजनिंग शिक्षक अमित कुमार एवं जीके/जीएस शिक्षक अरविंद कुमार ने सभी चयनितों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक अमित कुमार ने बताया कि संस्थान से अब तक लगभग 60-70 छात्र विभिन्न सरकारी नौकरियों में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस की लिखित परीक्षा में 19 छात्र कामयाब रहे थे, जिनमें से पांच अभ्यर्थियों ने फाइनल दौर पार कर पक्का चयन प्राप्त किया। माइंड स्क्वायर कोचिंग का मानना है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन सफलता की कुंजी है। संस्थान हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित करता है और स्थानीय स्तर पर इसे अग्रणी शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है। चयनित अभ्यर्थियों के परिजन और शिक्षक उत्साह में हैं तथा आने वाले दिनों में और अधिक छात्र-छात्राओं को सफलता दिलाने की उम्मीद जता रहे हैं।

### चिताव पंचायत के मुखिया को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

**कोचस (रोहतास), 31 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड के चितांव पंचायत के मुखिया अंजनी कुमार सिंह को पंचायत मे उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर दिल्ली मे राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित होंगी।उन्हें यह सम्मान पंचायत स्तर पर किए गये उत्कृष्ट कार्यों और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जायेगा.जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में देशभर के चयनित पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा.इसमें चितांव पंचायत के मुखिया अंजनी कुमार सिंह को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होगा.उनकी इस उपलब्धि से कोचस प्रखंड सहित जिले में खुशी का माहौल है. अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इसे पंचायत और जिले के लिए गौरव की बात कहते हुए उन्हें बधाई संदेश प्रेषित किया है। पंचायत के ग्रामीणो ने कहा मुखिया के द्वारा अपने पंचायत में बहुत काम किया गया है, नल जल सड़क नाली गली निर्माण के साथ शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े भी काम मुखिया के द्वारा किया गया है। गरीब गुरबों को छत के नीचे सोने के लिए आवास भी मिला है. जबकि मुखिया ने गरीब घर की बेटियों के शादी मे सहयोग राशि भी प्रदान किया है. ऐसे बहुत सारे कार्य है जो मुखिया के द्वारा किया गया है. आज उसी का परिणाम है कि उनको दिल्ली मे राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, चालक भी घायल

**दिनारा रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-मोहनियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसरांव गांव के समीप रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी जान चली गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृत व्यक्ति की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी और वह आसपास के क्षेत्रों में भटकते हुए देखा जाता था ।घटना की सूचना मिलते ही दिनारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है ।थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि दुर्घटना में ट्रक चालक भी घायल हुआ है, जिसका उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक (संख्या बीआर24जीसी7694) को जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है तथा मामले की जांच जारी है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात को सामान्य कराया।

# राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ की बैठक संपन्न



**काराकाट / रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** काराकाट क्षेत्र अंतर्गत शान्यडील्ल कुटीर मानवता सेवा संघ कार्यालय काराकाट में राष्ट्रीय महासचिव दशरथ मिश्र के अध्यक्षता में एवं संचालन रविकांत तिवारी के संचालन में संपन्न हुई। मानवता सेवा संघ के बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपना विचार रखा।

समाज सेवा संघ के उद्देश्यों को लेकर मानवता सेवा संघ अक्सर ये मुख्य मांगें उठाता रहा है: जो आज प्राथमिकता से उठाया गया।गरीब मेधावी छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग/छात्रवृत्ति की व्यवस्था हो,सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पद तुरंत भरे जाएं,ब्राह्मण सभी गरीब बच्चों को किताब-कॉपी मुफ्त मिले।

आर्थिक आधार पर आरक्षण में एहर कोटा का सही क्रियान्वयन हो, गरीब ब्राह्मण परिवारों को भी आवास योजना, राशन कार्ड में प्राथमिकता मिले,पुजारी-पुरोहित के लिए सरकारी मानदेय/पेंशन योजना लागू हो,मानवता सेवा संघ की बैठक में भगवान परशुराम के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वस्ति वाचन से विद्वत पूजा पाठ के बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे ,राष्ट्रीय महासचिव दशरथ मिश्रा ,उपाध्यक्ष गुड्डू उपाध्याय , सचिव अखिलेश तिवारी, कोषाध्यक्ष संध्या देवी ,संस्थापक सदस्य रजनी कान्त पाण्डेय, संस्थापक सदस्य योगेंद्र तिवारी, शिक्षक रविकांत तिवारी , संरक्षक सनातनी चंदन बाबा, पप्पू तिवारी,कौशल किशोर पांडेय,दीपक कुमार पांडेय उर्फ कुंदन पाण्डेय , कमल किशोर पांडेय, ददन पाण्डेय ,सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में 65 वर्षीय वृद्ध गिरफ्तार

**काराकाट /रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** कछवां थाना क्षेत्र के गुजरू गांव से पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के असफल प्रयास को समय रहते विफल किया.थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उक्त 65 वर्षीय व्यक्ति लालबाबू राय को 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया.किशोरी बाजार के दुकान में कुछ सामान लाने जा रही थी उसी क्रम में सन्नाटा देख उसने किशोरी को उठा कर अपने कमरे में ले गया और गलत कुकृत्य करने के फिराक में था कि ग्रामीण पहुंच गये और किशोरी को मुक्त करा कर उसके रूम में ही बन्द कर पुलिस को सूचना दिया.सूचना पर पहुँची डायल 112 की टीम व थाना की पुलिस ने उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया.उक्त किशोरी अपने मामा के यहां रहकर पढ़ाई करती थी.पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति के कमरे की तलाशी लेने के क्रम में एक अवैध देशी कट्टा व लोहे का बना एक चाकू भी बरामद किया।

## श्रीनगर टोला पर संचालित तीन अवैध शराब भट्ठी पुलिस ने किया ध्वस्त

**राजपुर -रोहतास , 31 मई (तरुणमित्र)।** शराब तस्करों के विरुद्ध बघैला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी करके थाना क्षेत्र के श्रीनगर टोला स्थित काव नदी के तलहटी में संचालित तीन भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। मौके से बरामद दह हजार लीटर महुआ पास को विनष्ट कर दिया गया।पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध की जा रही कारवाई से शराब से जुड़े कारोबारीयो में हड़कंप मचा हुआ है।थानाध्यक्ष करन कुमार के अनुसार पुलिस को सुचना मिली कि श्रीनगर टोला स्थित काव नदी के तलहटी में शराब निर्माण कार्य हो रहा है।सुचना पाते ही दलबल के साथ श्रीनगर टोला स्थित कांव नदी के तलहटी में शराब की खोज शुरू कर दिया।आगे बढ़ते ही पुलिस को भट्ठी मिली को भट्ठी मिलते ही सुचना सही प्रतीत होने लगा। पुलिस आगे बढती गई और एक के बाद भट्ठी मिलते गए। पुलिस ने तीनों भट्ठी के साथ बनाने के उपकरण तथा वहा से बरामद दह हजार लीटर महुआ पास को विनष्ट कर दिया। पुलिस आने की भनक पाते ही तस्कर भाग निकले। पुलिस तस्करों की शिनाख्त करने में जुटी है।

## कांड के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दिनारा रोहतास, 31 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना पुलिस ने फरार अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कार्रवाई करते हुए एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बेलवैया गांव में छापेमारी कर पुलिस ने कांड संख्या 364/25 के अभियुक्त प्रेमचंद खरवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त बेलवैया निवासी भगेलू खरवार का पुत्र बताया जाता है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कांड संख्या 364/25 में वांछित अभियुक्त प्रेमचंद खरवार को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गड़हनी-आयर बलिगांव मार्ग पर ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

काराकाट /रोहतास : काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुरूर गांव के 30 वर्षीय बसंत कुमार की शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में मौत के बाद रविवार को पारिवारिक गांव कुरूर बाजार में उनका शव पहुंचते ही मातम छा गया । सूचना के अनुसार बसंत बाइक से आरा लौट रहे थे,कि गड़हनी-आयर बलिगांव मार्ग समीप पीछे से एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मारते हुए कुचल दिया । घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई । चालक मौके से फरार हो गया,जबकि गड़हनी पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की गिरफ्तारी के लिए छानबीन शुरू कर दी है । परिजनों ने बताया कि बसंत आरा के एक निजी मॉल में काम करते थे और कंपनी का कार्य निपटा कर सासाराम से आरा लौट रहे थे । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेजा था । रविवार सुबह पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया और आखिरकार गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया । बसंत की पत्नी अनीता देवी (25),माता सुनैना देवी और पिता विजय कहार (65) का रो-रोकर बुरा हाल है । परिवार के अन्य सदस्य में दो भाई राजकुमार (32) व सूरज (20) और दो शादीशुदा बहनें शामिल हैं । घटना के बाद गांव में लोगों और परिचितों ने गहरा शोक जताया और कुरूर बाजार में मातम का माहौल रहा । पुलिस ने दुर्घटना के कारणों और सम्भावित लापरवाही की जांच शुरू कर दी है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है । गड़हनी थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है । आगे की कार्रवाई और रिपोर्टिंग के लिए मामले की जांच जारी है । परिजन ने रोते बिलखते बताया कि बसंत के हीं कमाई पर परिवार का खर्चा चलता था आज वही नहीं रहा अब परिवार का बोझ कौन उठाएगा ।

# दुकान बंद कर घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

### विरोध में लोगों ने सड़क जामकर की आगजनी

**सासाराम, 31 मई (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना चौक के समीप शनिवार की देर रात सड़क हादसे में एक 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई, जब युवक अपना दुकान बंद कर घर लौट रहा था।

मृतक की पहचान स्थानीय निवासी एवं व्यवसाई नंदलाल प्रजापति के पुत्र के रूप में हुई है ।घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक देर रात तिलौथू बाजार स्थित अपनी पान की दुकान को बंद कर घर लौट रहा था, तभी सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया। युवक की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से तिलौथू बाजार सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया ।हादसे की सूचना मिलते हीं परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गये।



नाराज लोगों ने तुरंत सडक जाम कर आगजनी शुरू कर दी और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दरअसल स्थानीय लोग क्षेत्र में बालू लदे भारी वाहनों के तेज रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और प्रभावी नियंत्रण की मांग कर रहे थे।

उनका कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार वाहन मौत बनकर दौड़ रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं ।वहीं हादसे एवं सड़क जाम की सूचना पर पहुंची तिलौथू थाने की पुलिस ने लोगों को किसी तरह समझा-बुझाकर सड़क से हटाया, जिससे परिचालन सामान्य हुआ। तिलौथू थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है तथा दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार वाहन को जप्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई चल रही है।

# तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

### पुलिस और अस्पताल पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**सीवान, 31 मई (तरुणमित्र)।** जिले के मैरवा-गुठनी मुख्य मार्ग पर बभनौली गांव के समीप शनिवार की देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बभनौली गांव निवासी 47 वर्षीय राजकुमार शर्मा के रूप में हुई है बताया जाता है कि राजकुमार शर्मा गांव में चल रहे यज्ञ को देखकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह घर के दरवाजे के पास पहुंचे, गुठनी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि घर से महज 50 कदम की दूरी पर ही उनकी मौके पर मौत हो गई। बाइक पर तीन युवक सवार थे। घटना शनिवार रात करीब 12:10 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची डायल-112 पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने मौके से एक बाइक सवार को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया, लेकिन सड़क पर तड़प रहे घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घायल राजकुमार शर्मा को मैरवा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने बिना समुचित जांच किए दवा लिखकर मरीज को रेफर कर दिया, जबकि उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। चिकित्सक के इस रवैये से नाराज ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए ।मृतक अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों के अनुसार अभी किसी भी बच्चे की शादी नहीं हुई है। परिवार के मुखिया की अचानक मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।घटना की सूचना मिलने पर सरपंच प्रतिनिधि जुनैद अंसारी, समाजसेवी धनंजय पांडेय सहित कई स्थानीय लोग रेफरल अस्पताल पहुंचे। स्थिति बिगड़ती देख मैरवा थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीवान भेज दिया ।पुलिस हिरासत में लिए गए युवक की पहचान गुठनी थाना क्षेत्र के भठही गांव निवासी कृष्णा कुमार राम के रूप में हुई है ।स्थानीय लोगों के अनुसार वह घटना के समय नशे में धुत था और बाइक काफी तेज गति से चला रहा था। हादसे के बाद ग्रामीण उसकी पिटाई करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उसे सुरक्षित हिरासत में ले लिया। प्राथमिक उपचार के बाद आरोपी को थाने की हाजत में बंद कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, महिला समेत दो गंभीर घायल

**सुपौल, 31 मई (तरुणमित्र)।** सुपौल शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल कोशी कॉलोनी चौक के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही एक चारपहिया वाहन और ई-रिक्शा के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और मानवीय पहल के कारण घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब ई-रिक्शा कोशी कॉलोनी चौक से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक चारपहिया वाहन ने नियंत्रण खो दिया और ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के प्रभाव से उसमें सवार यात्री सड़क पर जा गिरे और मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय निवासी मोहम्मद इरशाद ने बताया कि चारपहिया वाहन काफी तेज रफ्तार में थी। चौक के समीप पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सामने जा रहे ई-रिक्शा से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की सहायता में जुट गए। दुर्घटना में घायल हुए लोगों की पहचान मोहम्मद समीम और मीरा देवी के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद दोनों घायल दर्द से कराह रहे थे। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए उन्हें वाहन की सहायता से सदर अस्पताल सुपौल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आवश्यक जांचें कराई गई हैं और उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने के कारण घायलों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। हालांकि उनकी स्थिति को देखते हुए कुछ समय तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा।

# एमजीसीयू एवं सीयूएचपी के बीच शैक्षणिक,शोध एवं कौशल विकास में सहयोग के लिए समझौता

**पूर्वी चंपारण, 31 मई (तरुणमित्र)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी एवं केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (सीयूएचपी), धर्मशाला के मध्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध सहयोग, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, संकाय आदान-प्रदान तथा ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव तथा केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सत्य प्रकाश बंसल ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग के नए अध्याय की शुरूआत करते हुए विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए व्यापक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगाएमओयू के अंतर्गत दोनों विश्वविद्यालय कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से विकसित एवं संचालित करेंगे। साथ ही सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम, समर स्कूल, व्याख्यानमाला तथा संकाय विकास कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिससे ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा ।समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान आवश्यकता एवं विशेषज्ञता के आधार पर संकाय सदस्यों तथा विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित करेंगे।

इससे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विविध शैक्षणिक दृष्टिकोणों तथा नवीन शोध प्रवृत्तियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त दोनों विश्वविद्यालय पुस्तकें, शोध पत्रिकाएँ, शिक्षण-सामग्री, प्रकाशन, रिपोर्ट, ऑडियो-विजुअल संसाधन एवं अन्य अकादमिक सामग्री साझा करेंगे, जिससे दोनों संस्थानों की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को नई गति मिलेगी ।इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग शोध, क्षमता निर्माण तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के समग्र विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) सत्य प्रकाश बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मध्य इस प्रकार की साझेदारियां ज्ञान सृजन, नवाचार एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य सार्थक शैक्षणिक संवाद एवं सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करेगा। देश में ज्ञान-आधारित समाज के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस समझौते के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के अपने संकल्प को पुनः दोहराते हैं।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# डीएम ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थ नगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 को पूरी तरह से सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन द्वारा बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज, सिद्धार्थनगर स्थित परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी का लिया जायजा निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का गहनता से बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों से परीक्षा संचालन से जुड़ी जानकारी प्राप्त कीं। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहाः परीक्षा की शुचिता



और गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन ने परीक्षा कक्षों का स्वयं भ्रमण कर अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के अनुरूप ही परीक्षा में सम्मिलित कराया जाए और किसी भी प्रकार की अनुचित या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल प्रभावी व कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उन्होंने परीक्षा में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता, निष्ठा और ईमानदारी से करने की हिदायत दी। व्यवस्थाएं मिलीं संतोषजनक।

जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में परीक्षा केंद्र पर सभी प्रबंध पूरी तरह संतोषजनक पाए गए और परीक्षा अत्यंत शांतिपूर्ण तथा सुचितापूर्ण वातावरण में हुई संपन्न।

## जनसुनवाई में महोली विधायक ने सुनी समस्याएं

**सीतापुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपने कैंप कार्यालय ब्रह्मावली में रविवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत क्षेत्र से आए हुए सैकड़ो लोगों की समस्याएं सुनी और उनके तुरंत निदान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होंने कहा की जन सुनवाई के दौरान आई हुई शिकायतों का निस्तारण समय पर सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों को बार-बार तहसील ब्लाक और कोतवाली के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए इसमें किसी तरह की कोताही न बरती जाए। वही कई लोगों ने विद्युत समस्या की तरफ विधायक का ध्यान आकर्षित किया इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश सिंह यादव कृष्ण कुमार मद्दू संजय कुमार वर्मा साहित ग्राम प्रधान और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक आयोजित

**संत कबीर नगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्रा* के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश पाण्डेय* द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाए जाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान ग्राम प्रहरियों से उनके-अपने ग्रामों की वर्तमान स्थिति, कानून एवं शांति व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं, वृद्ध एवं असहाय व्यक्तियों की स्थिति, दिव्यांगजन की आवश्यकताओं तथा ऐसे व्यक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई जिन्हें पुलिस अथवा प्रशासनिक स्तर पर सहायता की



आवश्यकता हो ग्राम प्रहरियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने गांवों में निवास कर रहे अकेले वृद्धजन, दिव्यांगजन, निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की जानकारी नियमित रूप से पुलिस को उपलब्ध कराएं, जिससे आवश्यकतानुसार उनकी सहायता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही गांवों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों, बाहरी व्यक्तियों के आगमन, आपसी विवादों, महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी मामलों तथा सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना से तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया।बैठक में ग्राम प्रहरियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना गया तथा पुलिस एवं ग्रामीण समुदाय के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। उपस्थित ग्राम प्रहरियों को बताया गया कि जनसहयोग एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान से अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।थाना महुली पुलिस द्वारा आश्वस्त किया गया कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता हेतु पुलिस सदैव तत्पर है तथा कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से जनता एवं पुलिस के बीच विश्वास एवं सहयोग को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर , 31 मई (तरुणमित्र)।** डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा वांछित अभियुक्त व वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में आज 31.05.2026 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा कार्यवाही करते हुए दो नफर वारंटी - 01.वासदेव पुत्र भगग 02. राजकुमार पुत्र राममिलन निवासीगण जिनगिहवा उर्फ जोलहाभारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर सम्बन्धित फौजदारी वाद संख्या 11/26 धारा 323,504 भादवि सरकार बनाम अमरजीत आदि थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर सम्बन्धित ग्राम न्यायालय इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय भेजा गया ।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर रोका शिक्षक का वेतन

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** जनगणना-2027 के तहत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर ने एक शिक्षक का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है।भाटपाररानी विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय बनकटा शंभु में तैनात सहायक अध्यापक अजीत प्रताप सिंह को प्रगणक नियुक्त किया गया था, लेकिन उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। प्रशासन के अनुसार इससे जनगणना कार्य प्रभावित हुआ।एडीएम ने इसे जनगणना अधिनियम-1948 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित शिक्षक से 24 घंटे में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर विधिक व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे सदर विधायक

**संत कबीर नगर , 31 मई (तरुणमित्र)।** खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे विधायक अंकुर राज तिवारी ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। ग्राम महुई में अजय कुमार यादव एवं ग्राम कोनी में रमाकांत यादव की आकस्मिक मृत्यु के बाद विधायक ने मृतक आश्रितों को सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान एसडीएम हृदय नारायण त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### एसआई के खिलाफ जांच व तबादले की मांग

**भांवरकोल, गाजीपुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** दिनांक 29/ 5 /2026 को पूर्व जिला सचिव बसपा जितेश कुमार राम ग्राम किशनपुरा भांवरकोल द्वारा गाजीपुर पुलिस अधीक्षक महोदय से मिलकर भांवरकोल थाने के एस आई कमलेश कुमार पर शिकायती पत्र देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है और साथ ही तबादला कर एस आई के खिलाफ जांच कर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है जो प्रकाश में आया है` बताते चलें कि 28/05/026 को सियाड़ी ग्राम के दो पक्षों में मारपीट का घटना सामने आया थो जिसमें एक पक्ष लालती देवी आदि तथा दूसरा पक्ष गोलू गोड़ आदि भांवरकोल थाने पहुंच कर अपना अपना पैरवी और पक्ष रखने लगे` मौके पर पूर्व जिला सचिव बसपा जितेश कुमार राम भी पहुंच गऐ जब उन्होंने देखा कि मामला आगे बढ़ सकता है तो दोनों पक्षों को समझाया बुझाया और बिना जोर जबरदस्ती का एक सुलह समझौता करा दिया`और सुलह का कागजात जांच कर रहे रक कमलेश कुमार को सौंप दिया गयो समझौते का कागजात देखते ही थाने के र क कमलेश कुमार ने जितेश कुमार राम पर बरस पड़े परिचय पूछा तो अपना परिचय पूर्व जिला सचिव बसपा बतायो यह शब्द सुनते ही थाने के र कआग बबूला हो गए भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जेल में डालने की धमकियां भी देने लगे और आगे उन्होंने कहा कि तुमको किसी अन्य मामले में फंसा कर जेल भेज देंगे जब हवालात का रोटी खाएगा और मुकदमा लड़ेगा तो दिमाग ठिकाने लग जाएगा` इन सब अप्रिय बातों को सुनकर पूर्व जिला सचिव बसपा पर असंतोष व भय व्याप्त हो गयो और उनको लगा कि क्षेत्रीय लोगों पर ऐसे ही पुलिसिया रोब दिखाकर भय का माहौल बनाकर डराया जा रहा है जिससे असहाय और कमजोर लोगों का कुछ भी काम नहीं हो रहा है बल्कि उनके खिलाफ काम होता है पूर्व जिला सचिव पुलिस अधीक्षक गाजीपुर को अपने शिकायती पत्र में कहा है कि सरकार के मन मुताबिक कोई कार्य नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की छवि खराब करने पर आमादा है आगे उन्होंने आरोप लगाते हुए ।

# कलम की ताकत समाज को दिलाती है न्याय की उम्मीद : डॉ. ज्ञान प्रकाश

**बांसी, सिद्धार्थनगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सहयोग समिति बांसी द्वारा वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय हरिशंकर श्रीवास्तव की स्मृति में वर्तमान पत्रकारिता और चुनौतियां विषयक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता की निष्पक्षता, सामाजिक दायित्व, बदलते तकनीकी परिवेश तथा मीडिया के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गंभीर मंथन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों, साहित्यकारों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश ने कहा कि वर्तमान समय में




कलम की ताकत सबसे बड़ी ताकत है। पत्रकार समाज की समस्याओं को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की खबरें ही कई बार पीड़ितों को न्याय दिलाने का माध्यम बनती हैं। पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निभाया जाना चाहिए।विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद डॉ. चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने कहा कि तकनीक के इस युग में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदला है। सूचना का प्रसार जितना आसान हुआ है, उतनी ही जिम्मेदारी भी बढ़ी है। पत्रकारों को तथ्यों की प्रमाणिकता और सामाजिक सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ. ज्ञानेन्द्र द्विवेदी दीपक ने की, जबकि संचालन कवि सुशील श्रीवास्तव सागर ने किया। संगोष्ठी को सगीर खाकसार, सुभाषचन्द्र पाण्डेय, डॉ. बलराम त्रिपाठी, हरिप्रसाद पाठक, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, प्रो. कालिका प्रसाद त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक, कृष्ण कुमार मिश्र, ब्रह्मदेव शास्त्री पंकज, राकेश कुमार गंवार, अनुपमा सिंह दुबे, अजीत मौर्य सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

## अनंता नदं ने सुनाई गोवर्धन पूजन कथा

**सीतापुर, 31 मई (तरुणमित्र)।** महोली के श्री राधा कृष्ण आश्रम में अनंता नंद ने गोवर्धन कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा में इंद्र के कोप से बचने के लिए गोवर्धन पूजा का महत्व बताया।उन्होंने बताया की इंद्र देव के घमंड को तोड़ने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने इस लीला को किया और वही से गोवर्धन पर्वत की पूजा की शुरूआत हुई।इस दौरान उमेश चंद्र मिश्रा रेखा रानी मिश्रा ने कथा में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत वंदन किया।वही रिमझिम मिश्रा आशू मिश्रा सहित परिवार के सदस्यों ने साधु संतो और बटुकों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

# 25 हजार का इनामिया हत्यारोपी गिरफ्तार

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामिया आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। खुखुन्दू पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी को नूनखार रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दुर्गेश पुत्र जगदीश निवासी सलाहाबाद वार्ड नंबर-6 थाना सलेमपुर जनपद देवरिया है। आरोपी थाना खुखुन्दू में दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहा था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। खुखुन्दू पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नूनखार स्टेशन के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक लवकुश कुमार, कांस्टेबल गिरजेश यादव और रिक्रूट कांस्टेबल आदित्य शर्मा शामिल रहे। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर मनोज कुमार ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 50 हजार रुपये की धनराशि कराई गई वापस

**संत कबीर नगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे क्रैक साइबर क्राइम अभियान के अंन्तर्गत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु साइबर क्राइम हेल्प डेस्क थाना महुली पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 50,000/- रुपये की धनराशि वापस कराई गई ।घटना का संक्षिप्त विवरण :-वादी असजद हुसैन पुत्र अतहर हुसैन निवासी छितही थाना महुली जनपद संतकबीरनगर द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी कि दिनाँक 11.02.2026 को एक व्यक्ति द्वारा कोयला उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे धनराशि प्राप्त कर ली गयी, किन्तु न तो कोयला उपलब्ध कराया गया और न ही धनराशि वापस की गयी । शिकायत प्राप्त होने पर थाना महुली पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित बैंकिंग एवं तकनीकी माध्यमों से तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गई। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप पीड़ित के खाते में 50,000/- की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गयी ।जनपद पुलिस की अपील :- जनपद पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें तथा अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या यूपीआई पिन किसी के साथ साझा न करें ।

# समाजवादियों ने जयन्ती पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन

**बस्ती , 31 मई (तरुणमित्र)।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर को जयंती पर याद किया गया। इसी क्रम में बस्ती सदर विधानसभा के बूथ स्तर के तैयारियों की समीक्षा की गई। सपा जिलाध्यक्ष और सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। आज वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक




कौशल के लिए जानी जाती हैं। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। बस्ती सदर विधानसभाध्यक्ष मो. सलीम, राम सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह छोटे, पवन यादव, जावेद पिण्डारी, सौरभ मिश्र, मो. हारिश, प्रदीप गौतम, राम शंकर निराला, कैलाश शर्मा, रामभवन यादव, बैजनाथ शर्मा, जोखूलाल यादव, अनिल निषाद, पंकज निषाद आदि ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर एक बहादुर, निडर और महान योद्धा थीं। उन्होंने अपने शासन के दौरान प्रजा के हित के लिए अनेक कार्य किये। कहा कि उनको हमेशा से एक बहादुर, आत्मनिष्ठ, निडर महिला के रूप में याद किया जाता है। वे अपने समय की सर्वश्रेष्ठ योद्धा रानियों में से एक थीं, जो अपनी प्रजा की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती थीं. इतना ही नहीं उनके शासन काल में मराठा मालवा साम्राज्य ने काफी ज्यादा नाम कमाया था। जनहित के लिए काम करने वाली महारानी ने कई हिंदू मंदिर का निर्माण भी करवाया था, जो आज भी पूजे जाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई एक दार्शनिक और कुशल राजनीतिज्ञ थीं इसी वजह से उनकी नजरों से राजनीति से जुड़ी कोई भी बात छुप नहीं सकती थी। महारानी की इन्हीं खूबियों के चलते ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीस ने उन्हें द फिलॉसोफर क्वीन की उपाधि से नवाजा था।

# अपराध पर कार्रवाई से लेकर मौसम अलर्ट तक, पुलिस रही पूरी तरह सक्रिय

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस ने कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और मौसम जनजागरूकता को लेकर जिलेभर में कई अहम अभियान चलाए। कहीं अवैध तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार हुआ तो कहीं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं मौसम विभाग की चेतावनी के बाद पुलिस ने गांव-गांव और बाजारों में पहुंचकर लोगों को सतर्क रहने की अपील की। तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार रुद्रपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सहनकोट माता मंदिर के पास से मोटरसाइकिल सवार सूरज यादव को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार सुरौली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी उग्रसेन उर्फ भल्लू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने 29 मई को थाना सुरौली में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने बीएनएस, पाक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। बहू-बेटी अभियान के जरिए महिलाओं को किया जागरूक मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जिले के सभी थानों में बहू-बेटी चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीमों ने गांवों और कस्बों में चौपाल लगाकर दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।

साथ ही नए आपराधिक कानूनों और सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बिना फिटनेस, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और सड़क पर अवैध रूप से सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की।

## सर्पदंश से युवती की मौत

**फतेहपुर , 31 मई (तरुणमित्र)।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में रविवार की सुबह घर के बाहर बैठी 19 वर्षीय युवती को जहरीले सर्प ने डस लिया। इलाज के लिए परिजन हथगाम सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी रामू की पत्नी रूपा देवी रविवार की सुबह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो पहले उसे हुसैनगंज सीएचसी लाए और बाद में घर वाले उसे हथगाम सीएचसी ले गए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# दो महिला गिरफ्तार, लाखों के आभूषण व नकदी बरामद

**तमकुहीराज/कुशीनगर , 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। सेवरही थाना क्षेत्र में चलती टेम्पो से गहने चोरी करने वाली दो शातिर महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए आभूषण और 220 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।यह मामला थाना सेवरही में बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो महिलाएं चलती टेम्पो में यात्रियों के गहने चोरी करती हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ाई और वांछित अभियुक्तों की तलाश शुरू की।दिनांक 30 मई 2026 को, सेवरही पुलिस ने बनरहा मोड़, थाना सेवरही, जनपद कुशीनगर से दो वांछित अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान शोभा देवी पत्नी राहुल मांझी (उम्र करीब 37 वर्ष, निवासी बखरा थाना सरैया जिला मुजफ्फरपुर बिहार) और मचिया देवी पत्नी सुजीत मांझी (उम्र 38 वर्ष, निवासी मरवन थाना करजा जनपद मुजफ्फरपुर बिहार) के रूप में हुई है।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक जोड़ी पायल (सफेद धातु), एक जोड़ी झुमका (पीली धातु) और 220 रुपये नकद बरामद किए।पुलिस के अनुसार, अभियुक्ता शोभा देवी का आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ पहले भी मु0अ0सं0 324/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना सेवरही जनपद कुशीनगर में मामला दर्ज है। वर्तमान में वह में भी वांछित थीं।

# बनकटा में सीडीओ की चौपाल, विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने विकास खंड बनकटा क्षेत्र में चौपाल लगाकर विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यक्रम में सीडीओ ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सीधे संवाद कर योजनाओं की जमीनी स्थिति जानी। सीडीओ ने बखरी, हाटा, बगरूआ, सिकटिया दीनाचक और बनकटा ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित चौपालों में शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक



विद्यालयों के कायाकल्प, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।इसके साथ ही मनरेगा जॉब कार्ड धारकों, पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। फैमिली आईडी, फॉर्मर आईडी, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, अमृत सरोवर, चारागाह भूमि, पोषण और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय भी समीक्षा के केंद्र में रहे।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचे। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छिनैती के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, 31 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह* के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी एसओजी व थाना मेंहदावल पुलिस की संयुक्त गठित टीम द्वारा झपट्टेमारी व छिनैती के 02 अभियुक्तगण को मेंहदावल-नौलखा मार्ग मुहिया पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है ।अनावरण हुये घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी इरशाद अहमद पुत्र मो0 अली निवासी अछिया थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना मेंहदावल पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 23.05.2026 की शाम मेरी माँ घर के सामने बैठी थी तभी दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और मेरी माँ से पानी मांगने के बहाने करीब आकर एक व्यक्ति मेरी माँ के गले में पहने हुए सोने की चैन को जबरन छीन कर भाग गया ।गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः मो0 कामिल उर्फ अली पुत्र नौशाद अली निवासी सीधारीपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर ।

# मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**देवरिया, 31 मई (तरुणमित्र)।** कांग्रेस कार्यालय में रविवार को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को याद किया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की आदर्श, न्यायप्रिय और लोककल्याणकारी शासक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में बिना किसी भेदभाव के जनसेवा



को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और समाज के कमजोर तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया।

उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने कृषि, व्यापार, उद्योग और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। वह नियमित रूप से जनता की समस्याएं सुनती थीं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहती थीं। उनकी निष्पक्ष कार्यशैली और जनसेवा की भावना के कारण ही उन्हें लोकमाता के रूप में सम्मान मिला।जिलाध्यक्ष ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर में मंदिरों, धर्मशालाओं, कुओं, तालाबों और अन्य जनोपयोगी निर्माण कार्यों को बढ़ावा दिया। उन्होंने सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर ही समाज में समानता, न्याय और सामाजिक सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है।

कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद शाही, जयप्रकाश धनगर, जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा, सदर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील द्विवेदी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनंजय यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टी20 मुंबई लीग 2026 : शार्दुल ठाकुर बने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के कप्तान

**ठाणे।** ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने आगामी टी20 मुंबई लीग 2026 के लिए भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। मुंबई क्रिकेट के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार शार्दुल ठाकुर भारतीय टीम के लिए तीनों प्रारूपों में खेल चुके हैं और घरेलू व फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी कई यादगार प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति टीम के उस लक्ष्य को दर्शाती है, जिसके तहत ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स पिछले सीजन के सेमीफाइनल प्रदर्शन से आगे बढ़ते हुए इस बार खिताब जीतने की कोशिश करेगी।



टीम के पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलित संयोजन है। नव-नियुक्त मुख्य कोच धवल कुलकर्णी के मार्गदर्शन में टीम आक्रामक क्रिकेट खेलने और पिछली बार फाइनल में पहुंचने से चूकने की निराशा को पीछे छोड़ने का प्रयास करेगी।

कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद शार्दुल ठाकुर ने कहा, 'टी20 मुंबई लीग में ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का समूह और अनुभवी कोचिंग स्टाफ है।

हमारा ध्यान अच्छी तैयारी, सकारात्मक क्रिकेट और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहेगा। हम जीत की संस्कृति विकसित करना चाहते हैं और अपने प्रशंसकों को गर्व महसूस कराना चाहते हैं।' फ्रेंचाइजी के मालिक विकी रूपचंदानी ने कहा कि शार्दुल एक सिद्ध मैच विजेता और सम्मानित लीडर हैं, जिन्हें मुंबई क्रिकेट की गहरी समझ है। उन्होंने विश्वास जताया कि शार्दुल और मुख्य कोच धवल कुलकर्णी की जोड़ी टीम को यादगार सीजन दिला सकती है। टी20 मुंबई लीग 2026 का आयोजन 1 से 13 जून तक होगा। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स अपने अभियान की शुरूआत टूनार्मेंट के उद्घाटन मुकाबले में बांद्रा ब्लास्टर्स के खिलाफ करेगी।

ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स टीम- आदित्य विनोद गिरी, अमर्त्य राजे, अनुज विनोद गिरी, अथर्व अंकोलेकर, अयान मोहित जैन, एकनाथ दिनेश केरकर, कार्तिक मिथिलेश मिश्रा, मानन भाट, ओंकार तुकाराम तरमाले, रोहन राजेंद्र घाग, साईराज पाटिल, शार्दुल ठाकुर (कप्तान), शशिकांत एकनाथ कदम, शाश्वत योगेश जगताप, शॉन मोतीराम रोड्रिग्स, शिवांश लल्लन सिंह, सिद्धांत मनोज सिंह, सुमेर सम्राट जावेरी, विनय सुरेश कुंवर और धनय पार।

## एशियन गेम्स चयन ट्रायल्स : निशु को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं विनेश फोगाट

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला कुश्ती की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने अपने अनुभव और जुझारूपन का शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स चयन ट्रायल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। शनिवार को खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में विनेश ने आक्रामक अंदाज में खेल रहीं निशु को कड़े संघर्ष के बाद मात देकर अपनी वापसी की उम्मीदों को बरकरार रखा। पहले मुकाबले में विनेश ने ज्योति को 7-1 से हराकर आसान जीत दर्ज की थी, लेकिन क्वार्टर फाइनल में उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत निशु की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। मुकाबले की शुरूआत में निशु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली। पहले पीरियड में उन्होंने चार अंकों का शानदार थ्रो लगाया और एक समय ऐसा लगा कि वह विनेश को पिन कर देंगी, लेकिन अनुभवी विनेश ने खुद को संभाल लिया। यह मुकाबला भावनाओं और तनाव से भरपूर रहा। बीच-बीच में तकनीकी दिक्कतों



और चुनौतियों के कारण खेल कई बार रुका, जिससे विनेश को राहत मिली। लंबे समय तक मैट से दूर रहने का असर उनकी फिटनेस पर जरूर दिखाई दिया, लेकिन तकनीकी कौशल के दम पर उन्होंने वापसी की।

दूसरे पीरियड में विनेश ने मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने शानदार चार अंकों का दांव लगाते हुए निशु को मैट पर पटक दिया और पिन करने की स्थिति में पहुंच गईं। इस दौरान उनके पति और कोच सोम्बीर राठी सहित समर्थकों ने पिन की मांग की। बाद में चुनौती (चैलेंज) ली गई, लेकिन रेफरी की गलत सीटी माने जाने के बावजूद विनेश को पिन के आधार पर जीत नहीं दी गई। इसके बाद विनेश ने दो अंक और हासिल कर 6-5 की बढ़त बना ली। मुकाबला जल्द ही 6-6 की बराबरी पर पहुंच गया, लेकिन बेहतर मानदंड (क्राइटेरिया) के आधार पर विनेश आगे रहीं। अंत में निशु की चुनौती भी असफल रही और विनेश ने राहत की सांस लेते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

हार से निराश निशु काफी देर तक मैट पर रोती रहीं। उन्होंने न तो रेफरी से हाथ मिलाया और न ही विनेश से। अब सेमीफाइनल में विनेश का सामना मीनाक्षी गोयत से होगा, जिन्होंने एशियन चैंपियनशिप ट्रायल्स में अंतिम पंघाल को हराकर सनसनी फैलाई थी।

वहीं, अंतिम पंघाल ने शानदार शुरूआत करते हुए केवल 34 सेकंड में तन्नू को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। बाद में उन्होंने मानसी को भी मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब उनकी नजर फाइनल में पहुंचने पर है।

## नॉर्वे चेस : गुकेश ने मनाया अपना 20वां जन्मदिन, शतरंज छोड़ नाविक बने ग्रैंडमास्टर्स

**ओस्लो (नॉर्वे)।** नॉर्वे चेस 2026 के विश्राम के दिन शुक्रवार को दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों ने बिसात और मोहरों से दूर हटकर ओस्लोफ्योर्ड की लहरों पर रोमांचक सेलिंग रेस का आनंद लिया। इस खास आयोजन के दौरान मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अपना 20वां जन्मदिन भी मनाया, जिससे दिन और भी यादगार बन गया। नॉर्वे चेस की परंपरागत गतिविधियों के तहत आयोजित इस विशेष सेलिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटा गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को मानसिक दबाव से राहत देना और टीमवर्क एवं मनोरंजन का अनुभव कराना था।



इस कार्यक्रम में भारत के ग्रैंडमास्टर्स डी. गुकेश, दिव्या देशमुख, आर. प्रज्ञानानंद और कोनेरू हम्पी के अलावा नॉर्वे के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, विंसेंट कीमर, वेस्ली सो, अन्ना मुजीचुक, बिबिसारा अस्साउबायेवा, झू जिनर और अन्य शीर्ष खिलाड़ी शामिल हुए।

नॉर्वे चेस खेलों की यह परंपरा वर्षों से टूर्नामेंट का खास हिस्सा रही है। इसके तहत खिलाड़ियों को शतरंज की गहन तैयारियों और मुकाबलों से कुछ समय के लिए दूर ले जाकर अलग-अलग गतिविधियों में शामिल किया जाता है। पिछले वर्षों में खिलाड़ियों ने कुकिंग प्रतियोगिता, ट्रैक्टर चलाना, गाय दुहना, तीरंदाजी, फेंसिंग और 'चेस काउबॉय चैलेंज' जैसी अनोखी गतिविधियों में हिस्सा लिया था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराया, मैत्री श्रृंखला 2-2 से बराबर

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की मैत्री श्रृंखला के चौथे और अंतिम मुकाबले में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन अंततः 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस परिणाम के बावजूद चार मैचों की श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। भारतीय टीम ने शनिवार को खेले गए इस मुकाबले की शानदार शुरूआत की और दूसरे ही मिनट में बढ़त हासिल कर ली। नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई और शुरूआती दबाव ऑस्ट्रेलिया पर बना दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। दीपिका सोरेंग (23वें मिनट) ने शानदार गोल करते हुए टीम को 2-0 से आगे कर दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक भारतीय टीम पूरी तरह मुकाबले पर नियंत्रण बनाए हुए थी और 2-0 की बढ़त के साथ ब्रेक पर गई। तीसरे क्वार्टर में



मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार वापसी की। एबी विल्सन (42वें मिनट) ने पहला गोल कर अंतर कम किया, जबकि इसके दो मिनट बाद ही ओलिविया डाउनस (44वें मिनट) ने गोल दागकर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।

मुकाबला अंतिम क्षणों तक रोमांचक बना रहा, लेकिन कोर्टनी शोनल (58वें मिनट) ने निर्णायक गोल कर ऑस्ट्रेलिया को 3-2 की बढ़त दिला दी, जो अंत तक कायम रही। हालांकि भारतीय टीम अंतिम मुकाबला हार गई, लेकिन इस दौरे से उसे कई सकारात्मक बातें मिलीं। श्रृंखला के पहले मैच में हार के बाद टीम ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो मुकाबले जीते और पूरे दौरे में अपने जुझारूपन, सामरिक अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## नूशीन नाज के दम पर भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराया

**काकामिगहारा (जापान)।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप 2026 में शानदार शुरूआत करते हुए अपने पहले पूल-ए मुकाबले में मलेशिया को 2-1 से पराजित किया। 15 वर्षीय फॉरवर्ड नूशीन नाज ने दोनों गोल दागकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबाव बढ़ाया और 19वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को नूशीन नाज ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। अच्छी लय में दिख रही नूशीन यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने 28वें मिनट में एक तेज और सटीक शॉट लगाकर मलेशियाई गोलकीपर को छकाया और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। इसके साथ ही भारत ने हाफ टाइम तक मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। दूसरे हाफ में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल कर अंतर को 2-1 कर दिया।



## पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद के कारण कच्चे तेल में नरमी का रुख, छह महीने के निचले स्तर पर आई कीमत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में सीजफायर को और आगे बढ़ाने की बात पर सहमति बन जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत छह सप्ताह के निचले स्तर पर आ गई है। ब्रेंट क्रूड आज 90 डॉलर के स्तर से भी नीचे फिसल कर 89.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड आज 86.35 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आया। इस महीने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत ज्यादातर समय 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के नीचे ही बनी रही है। ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की उम्मीद के कारण कच्चे तेल की कीमत में इस महीने अधिक बढ़ोतरी नहीं हुई। हालांकि दोनों पक्षों के बीच अभी तक कोई भी डील फाइनल नहीं हुई है और अनिश्चितता लगातार बनी हुई है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान ओर से डायरेक्ट और इनडायरेक्ट चैनल्स के जरिए हो रही बातचीत के आधार पर इस बात की भी उम्मीद की जा रही है कि होर्मुज स्ट्रेट के जरिए मालवहन जल्दी ही सुचारू रूप से शुरू हो सकता है। खाड़ी के देशों से होने वाली कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते ही होती है।

पश्चिम एशिया में जंग शुरू होने के बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते होने वाला मालवहन लगभग ठप पड़ा हुआ है, जिसकी वजह से पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित हुई है।

होर्मुज स्ट्रेट ठप होने से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई अब लंबे और घुमावदार मार्ग से होने की वजह से परिवहन लागत भी बढ़ गई है, जिसकी वजह से पहले से ही ऊंचे भाव पर पहुंचे पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत और भी तेज हो गई है।

बताया जा रहा है कि ईरान और अमेरिका पश्चिम एशिया में फाइनल डील तक पहुंचने के पहले मौजूदा सीजफायर की अवधि को और 60 दिन के लिए बढ़ाने के लिए सहमत हो गए हैं। हालांकि ईरान के विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि अभी तक कोई आखिरी सहमति नहीं बनी है। अभी सिर्फ दोनों पक्षों के बीच से संदेश का आदान-प्रदान हो रहा है।

## सर्राफा बाजार की गिरावट पर लगा ब्रेक, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में पिछले कुछ दिन से जारी गिरावट के दौर पर आज ब्रेक लगता हुआ नजर आया। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में आज ये चमकीली धातु 1,470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगी हो गई है।



वहीं चेन्नई में सोने की कीमत में आज 1,020 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,120 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़त दर्ज की गई है। सोने की तरह ही चांदी भी आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई है। भाव में आई तेजी के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,59,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,44,510 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,80,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,44,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# उतार चढ़ाव के बीच गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** बकरीद की छुट्टी के कारण सिर्फ चार कारोबारी दिन वाले पिछले सप्ताह में शेयर बाजार लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा। इन चार दिनों के कारोबार के बाद शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार में 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,775.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी साप्ताहिक आधार पर 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,547.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के दौरान शांति वार्ता के भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता, विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली और चुनिंदा स्टॉक्स में हो रही प्रॉफिट बुकिंग की वजह से शेयर बाजार पर दबाव बना रहा। इसी दबाव के कारण निवेशक पूरे सप्ताह सतर्क मुद्रा में कारोबार करते हुए नजर आए, जिसका परिणाम बाजार की गिरावट के रूप में दिखाई दिया।

इसके अलावा ग्लोबल इंडेक्स प्रोवाइडर एमएससीआई द्वारा इंडियन स्टॉक मार्केट में लिस्टेड शेयरों की री-बैलेंसिंग के कारण भी घरेलू शेयर बाजार के प्रदर्शन पर असर पड़ा। री-बैलेंसिंग की वजह से भारतीय बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर पैसे की निकासी की गई, जिसने अंततः शेयर बाजार के मूड को बिगाड़ने का काम किया। पिछले सप्ताह के कारोबार में निफ्टी का लार्ज कैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर कमजोर प्रदर्शन करके बंद हुआ। पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान निफ्टी लार्ज कैप इंडेक्स में 0.25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह सूचकांक

साप्ताहिक समीक्षा




इसके पहले के सप्ताह के 24,669 अंक के स्तर से फिसल कर 24,608 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल इंटर ग्लोब एविएशन, आयशर मोटर्स, बजाज ऑटो, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, ओएनजीसी और टाटा स्टील के शेयर साप्ताहिक के आधार पर तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गए। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, लार्सन एंड टूब्रो और इंफोसिस के शेयर साप्ताहिक आधार पर मुनाफा कमाने में सफल रहे।

लार्ज कैप के विपरीत निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स ने पिछले सप्ताह के कारोबार में अपनी बढ़त बनाए रखी। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद मिडकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी, अदानी टोटल गैस, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, एक्साइड इंडस्ट्रीज, प्रेमियर एनर्जीज और हिताची एनर्जी इंडिया के शेयर टॉप परफॉर्मर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, रेल विकास निगम, भारत डायनामिक्स, कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया, एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स और पीबी फिनटेक के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

इसी तरह निफ्टी के स्मॉलकैप इंडेक्स ने पिछले सप्ताह के कारोबार में एक प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफलता हासिल की। इस इंडेक्स में शामिल नेट वेब टेक्नोलॉजीज इंडिया, वोक्हार्ट, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, आईएफसीआई और एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर्स के शेयर में साप्ताहिक आधार पर 12 से 28 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।

दूसरी ओर, नैटको फार्मा, मीशो, बेईएमएल, ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी, जेएसडब्ल्यू सीमेंट, शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स और ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन के शेयर साप्ताहिक आधार पर 6 से 15 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेक्टोरल परफॉर्मेंस की बात करें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में स्टॉक मार्केट के ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। बीएसई के टेलीकम्युनिकेशन, पावर, कैपिटल गुड्स और पीएसयू बैंक इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। इसी तरह ऑटोमोबाइल और रियल्टी इंडेक्स भी साप्ताहिक आधार पर मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, एनर्जी और हेल्थकेयर इंडेक्स में साप्ताहिक आधार पर गिरावट दर्ज की गई। स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के प्रदर्शन की बात करें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में एक बार फिर एफआईआई शुद्ध बिकवाल बने रहे। दूसरी ओर, डीआईआई लिवाली कर स्टॉक मार्केट को सहारा देने की कोशिश में लगे रहे। पिछले सप्ताह के चार कारोबारी दिन में एफआईआई ने 23,734.68 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। दूसरी ओर, इसी अवधि में डीआईआई ने 25,803.45 करोड़ रुपये की खरीदारी कर शेयर बाजार को बड़ी गिरावट का शिकार होने से बचा लिया।